# टीएनएफ टुडे

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday | tnftoday

www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition

व्यापारी पर फायरिंग: डीसीपी के रवैये से भड़के सपाई... (पेज-3)
पृष्ठ- 6 | वर्ष-01 अंक-डमी | मूल्य ₹7 | गुरूवार | दिनांक- 17 .09 .2026

## बिहार में 50 लाख लोग बाढ़ में घिरे: उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में लैंडस्लाइड

### यूपी के लखीमपुर में 7 मकान नदी में बहे, मप्र-राजस्थान में अलर्ट

एजेंसी, नई दिल्ली।



बिहार के 15 जिलों की 575 पंचायतों में करीब 50 लाख की आबादी अभी भी बाढ़ के पानी से घिरी हुई है। कटिहार में सरकारी स्कूल और कोचिंग सेंटर बाढ़ के पानी में डूब गए हैं। बच्चे नाव में बैठकर पढ़ रहे हैं। प्रदेश के 26 जिलों बारिश का यलो अलर्ट है। आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी भी जारी की गई है।

यूपी में बारिश से नदियां उफान पर हैं। 26 जिलों में बाढ़ के हालात हैं। करीब 4 लाख की आबादी प्रभावित है। वहीं, लखीमपुर में शारदा नदी का कटान तेज होने से 24 घंटे में 7 मकान नदी में समा गए हैं।

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के आदि कैलाश मार्ग पर दोबाट में लैंडस्लाइड से सड़क फिर बंद हो गई। रुद्रप्रयाग में केदारनाथ पैदल मार्ग पर चीरबासा के पास सुरक्षा के मद्देनजर यात्रियों को हेलमेट पहनाकर भेजा जा रहा है। चार दिन पहले लैंडस्लाइड में कई घोड़े-खच्चर मारे गए थे। रास्ते में पड़े शवों से बदबू और सांस लेने में परेशानी की शिकायतें सामने आ रही हैं। राजस्थान के 26 जिलों में 17 सितंबर तक बारिश का यलो अलर्ट है। मंगलवार को अजमेर, पाली समेत कुछ अन्य जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। वहीं, मध्य प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में 17 से 19 सितंबर तक और 18 से 21 सितंबर तक पूर्वी हिस्से में बारिश हो सकती है।

## अभाविप का कांग्रेस पर तीखा हमला

### उमर खालिद को 'राष्ट्रवादी' बताने के बयान पर अभाविप का पलटवार

**राष्ट्रीय मंत्री श्रवण बी. राज बोले-कांग्रेस सत्ता में होती तो शरजील इमाम और उमर खालिद को दे देती पद्मश्री**

एजेंसी, नई दिल्ली।



कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष बी. के. हरिप्रसाद द्वारा उमर खालिद को 'राष्ट्रवादी' करार दिए जाने वाले बयान पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने कड़ी आपत्ति जताई है। अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री श्रवण बी. राज ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जो पार्टी कभी महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू को राष्ट्रवादी मानती थी, आज वह उमर खालिद और शरजील इमाम जैसे किरदारों को राष्ट्रवादी बता रही है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि यदि आज कांग्रेस सत्ता में होती, तो वह शरजील इमाम और उमर खालिद को देश के बड़े सम्मान यानी पद्मश्री से नवाज चुकी होती।

**देशविरोधी तत्वों और राष्ट्रवाद का महिमामंडन अस्वीकार्य**

श्रवण बी. राज ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अफजल गुरु के समर्थन और 'फ्री कश्मीर' जैसे विवादित नारों व अभियानों से जुड़े व्यक्तियों को राष्ट्रवादी ठहराना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

अभाविप का रुख पूरी तरह साफ है कि देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ खड़े होने वाले किसी भी तत्व या विचार का महिमामंडन कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**शैक्षणिक परिसरों की गरिमा से खिलवाड़ न हो**

अभाविप नेता ने आरोप लगाया कि वामपंथी संगठनों और कांग्रेस से जुड़े छात्र समूहों द्वारा विश्वविद्यालयों में ऐसे विवादित विषयों को लाने के कुत्सित प्रयास किए जा रहे हैं। फिल्मों की स्क्रीनिंग या अन्य माध्यमों से देशविरोधी गतिविधियों को सामान्य विमर्श का हिस्सा बनाने की कोशिशों का अभाविप पुरजोर विरोध करेगी। उन्होंने अंत में दोहराया कि शैक्षणिक परिसर स्वस्थ बौद्धिक बहस और शोध के केंद्र हैं, लेकिन अकादमिक स्वतंत्रता की आड़ में राष्ट्रविरोधी ताकतों का महिमामंडन करने के लिए विश्वविद्यालयों के माहौल का दुरुपयोग नहीं होने दिया जाएगा।

## झीरम घाटी नक्सली हमले में 10 दोषियों को फांसी की सजा

### 29 लोगों की हत्या पर 13 साल बाद आया फैसला

एजेंसी, रायपुर।

झीरम घाटी हत्याकांड मामले में जगदलपुर की एनआईए कोर्ट ने 10 दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है। 25 मई 2013 को कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा के काफिले पर नक्सली हमला हुआ था। इसमें कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, महेंद्र कर्मा और पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल समेत 29 लोगों की मौत हुई थी।

करीब 13 साल चली सुनवाई के दौरान 101 गवाहों के बयान दर्ज किए गए और दस्तावेजों को रिकॉर्ड पर लिया गया। जज ने अपने फैसले में कहा है कि आदेश की पुष्टि हाईकोर्ट करेगा। दोषियों को 30 दिन के अंदर हाईकोर्ट में अपील करने का अधिकार है। अभियोजन पक्ष ने दोषियों के लिए फांसी की सजा की मांग की थी, जबकि बचाव पक्ष ने सजा कम करने की दलील दी थी।

**इन 10 आरोपियों को फांसी की सजा**

प्रमिला मोडियाम, सुमित्रा पुनेम, कोसा कवासी, मुक्का मांडवी, मड़कामी देवा, आयत मरकाम, बजामी सेना, चैतू लेकाम, जोगा मड़कामी, महादेव नागा

सभी दोषी अभी केंद्रीय जेल में बंद हैं। अदालत ने कुल 11 आरोपियों के खिलाफ सुनवाई की थी। मुकदमे के दौरान एक आरोपी की मौत हो गई थी, जिसके बाद अदालत ने शेष 10 आरोपियों के खिलाफ सुनवाई जारी रखी। एनआईए ने वर्ष 2015 में लगभग 1000 पन्नों का आरोप पत्र अदालत में पेश किया था। अभियोजन पक्ष ने आरोपियों का दोष साबित करने के लिए पूरी सुनवाई के दौरान 101 गवाहों के बयान दर्ज कराए थे।

## उभरती तकनीक में शुरूआती लीडर बने भारत: मोदी

### सेमीकंडक्टर राउंडटेबल बैठक में बोले पीएम- उद्योग और सरकार मिलकर बढ़ाएं कदम

एजेंसी, नई दिल्ली।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत को उभरती तकनीकों के क्षेत्र में शुरूआती अग्रणी देशों में शामिल होने का लक्ष्य रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसा नीतिगत माहौल देने के लिए प्रतिबद्ध है, जो स्थिर और जरूरत के मुताबिक तेजी से प्रतिक्रिया देने वाला हो। प्रधानमंत्री ने यहां प्रमुख कंपनियों के सीईओ के साथ सेमीकंडक्टर राउंडटेबल बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने भारत के तकनीकी भविष्य को आकार देने में सरकार और सेमीकंडक्टर उद्योग के बीच करीबी सहयोग को महत्वपूर्ण बताया।

**AI और क्वांटम कंप्यूटिंग पर जोर**

पीएम मोदी ने कहा कि भारत के पास प्रतिभा, तकनीक को तेजी से अपनाने और बुनियादी ढांचे की मजबूत नींव है। उन्होंने उद्योग जगत से स्किलिंग, इनोवेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) तथा क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी उभरती तकनीकों में अधिक सक्रिय भागीदारी की अपील की।

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, मोदी ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में हुई प्रगति का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह इकोसिस्टम अब शुरूआती बुनियादी प्रयासों से आगे बढ़कर बड़े स्तर पर विस्तार और नए अवसरों के चरण में पहुंच रहा है।

**तकनीक के साथ बदलती रहें नीतियां**

प्रधानमंत्री ने सरकार की नीतियों को लेकर कहा कि एक स्थिर और जवाबदेह नीतिगत माहौल जरूरी है। साथ ही, तकनीक में बदलाव और उद्योग की जरूरतों के अनुसार नीतियों को भी विकसित होना चाहिए। उन्होंने उद्योग जगत के नेताओं से नीतिगत और प्रशासनिक उपायों को लेकर सुझाव देने को कहा। पीएम मोदी ने भरोसा दिलाया कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र को और मजबूत करने के लिए आगे की नीति बनाने में इन सुझावों पर उचित विचार किया जाएगा।

**सेमीकंडक्टर सेक्टर की अगली पारी में उद्योग की भागीदारी**

पीएम ने उद्योग जगत से भारत के सेमीकंडक्टर विकास के अगले चरण में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। बैठक में शामिल सीईओ ने भी भारत में सेमीकंडक्टर क्षमता विकसित करने के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना की।

कंपनियों के प्रमुखों ने मैन्युफैक्चरिंग, डिजाइन, बुनियादी ढांचे और प्रतिभा विकास के क्षेत्र में हुई प्रगति का उल्लेख किया। उन्होंने इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (क्रट) 2.0 के तहत सामने आ रहे अवसरों को लेकर भरोसा जताया।

**पूरी सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन विकसित करने पर जोर**

सीईओ ने कहा कि भारत में सेमीकंडक्टर की पूरी वैल्यू चेन तैयार करने की क्षमता है। इसमें मैन्युफैक्चरिंग, रिसर्च एंड डेवलपमेंट (फ&ऊ), एडवांस्ड टेक्नोलॉजी और इससे जुड़ी सहायक इंडस्ट्री शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने एआई में एक करोड़ लोगों को प्रशिक्षित करने के लक्ष्य का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत की प्रतिभा और वैश्विक कंपनियों के अनुभव व क्षमताओं के मेल से बड़े अवसर पैदा हो सकते हैं।

बैठक में SEMI, माइक्रोन, इनफिनियन, एप्लाइड मैटेरियल्स, अरटछ, मर्क, टोक्यो इलेक्ट्रॉन लिमिटेड, फूजीफि ल्म, अटऊ, इंटेल, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, लैम रिसर्च, रैपिडस, NXP, फॉक्सकॉन, सेमीकंडक्टर डिवाइस, एडवांटेस्ट, सेलेस्टा कैपिटल, CG पावर और क्ष्ट रिसर्च समेत कई संगठनों के सीईओ, प्रमुख और प्रतिनिधि शामिल हुए।

कंपनियों के प्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व और समर्थन की सराहना करते हुए कहा कि हाल के वर्षों में हुई प्रगति ने उद्योग की आगे की भागीदारी के लिए मजबूत आधार तैयार किया है। उन्होंने भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी सेमीकंडक्टर और टेक्नोलॉजी हब बनाने में योगदान देने की प्रतिबद्धता जताई।

## पीएम का 76वां जन्मदिन आज, देशभर में कार्यक्रम: उज्जैन में 25 लाख दीप जलेंगे

एजेंसी, नई दिल्ली।

पीएम नरेंद्र मोदी का 76वां जन्मदिन 17 सितंबर को है। इस मौके पर भाजपा देशभर में कार्यक्रम आयोजित करेगी। इसे मोदी के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के तौर पर सार्वजनिक जीवन के 25 साल पूरे होने से भी जोड़ा गया है। इसके तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा।

जन्मदिन पर देश के अलग-अलग हिस्सों में सेवा और जनभागीदारी से जुड़े कार्यक्रम होंगे। भाजपा ने लोगों से घरों में ह्यआशीर्वाद का दीयाह्न जलाने की अपील की है। गुजरात स्थित पीएम के जन्मस्थल वडनगर और वाराणसी से बाइक यात्रा शुरू होगी। फरीदाबाद में भाजपा सांसद दिव्यांगों को इलेक्ट्रिक स्कूटी बांटेंगे।

उज्जैन में 25 लाख से ज्यादा दीप जलाने की तैयारी है। मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया समेत 10 प्रमुख जगहों को लाइट्स से जगमग किया जाएगा। इधर पटना में बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम के कटआउट की आरती उतारी और दूध चढ़ाया।

### सरकार बोली- यूपीआई पर चार्ज विदेशी दबाव में नहीं लगाया:

## राहुल ने कहा था- इससे अमेरिका को फायदा होगा, फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका

एजेंसी, नई दिल्ली।



वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि UPI नियमों में बदलाव किसी विदेशी दबाव में नहीं लाया गया है।

मंत्रालय ने कहा कि वढकसे जुड़े फैसले भारत की घरेलू जरूरतों के आधार पर स्वतंत्र रूप से लिए गए हैं। एक अफसर ने बताया कि इस फैसले को पलटने का सवाल ही नहीं उठता। इससे पहले राहुल गांधी ने वढकपर टैक्स लगाने के फैसले की आलोचना की थी। उन्होंने पर वीडियो जारी कर आरोप लगाया था कि इस फैसले से अमेरिका को फायदा होगा और सरकार को इसे वापस लेना चाहिए।

**सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल**

इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका भी दायर की गई है। इस याचिका में अदालत से सरकार के इस नए नियम को तुरंत रद्द करने की मांग की गई है।

दरअसल, सरकार ने मंगलवार को आदेश दिया था कि 15 अक्टूबर 2026 से 2,000 से ज्यादा के चुनिंदा UPI मर्चेंट पेमेंट पर 0.4% MDR लगेगा। इसकी अधिकतम सीमा ?300 प्रति ट्रांजैक्शन होगी। यह शुल्क मर्चेंट से लिया जाएगा, ग्राहक से नहीं।

2,000 तक के वढकपेमेंट और व्यक्ति से व्यक्ति (P2P) ट्रांजैक्शन पर कोई शुल्क नहीं होगा। सरकार के अनुसार करीब 96% मर्चेंट यूपीआई ट्रांजैक्शन भी इस शुल्क से प्रभावित नहीं होंगे।

**जिरोधा के फाउंडर बोले- मर्चेंट और ब्रोकर के बीच बड़ा फर्क है**

भारत की सबसे बड़ी स्टॉक ट्रेडिंग कंपनी जिरोधा के फाउंडर और उएड नितिन कामथ ने कहा कि वढकका इस्तेमाल बहुत बड़े पैमाने पर होने लगा है, जिसके बाद टउक्र शायद जरूरी हो, लेकिन इन्वेस्टिंग और ब्रोकिंग जैसे मामलों में मौजूदा एमडीआर फ्रेमवर्क प्रैक्टिकल नहीं लगता उनके मुताबिक, सामान्य मर्चेंट और ब्रोकर के बीच बड़ा फर्क है।

नितिन ने उदाहरण देकर समझाया- अगर कोई ग्राहक 20,000 का सामान खरीदता है और वढकसे भुगतान करता है, तो मर्चेंट को उसके बदले बिक्री से कमाई होती है। यानी पेमेंट सीधे कारोबार से जुड़ा है। लेकिन ब्रोकर के मामले में कस्टमर वढकसे ?2 लाख अपने ट्रेडिंग अकाउंट में डाल सकता है और उस दिन एक भी शेयर नहीं खरीद सकता। ऐसे में ब्रोकर को ट्रांजैक्शन से कोई ट्रेडिंग रेवेन्यू नहीं मिला, लेकिन यूपीआई पेमेंट से जुड़ा MDR खर्च उसके ऊपर आ सकता है। यही वह अंतर है, जिस पर कामथ ने सवाल उठाया है।

## यूपीआई: 2000 रू. से ज्यादा के भुगतान पर एमडीआर लगाने के फैसले में विदेशी दबाव नहीं, वित्त मंत्रालय ने किया साफ

**नई दिल्ली।** 2,000 रू. से अधिक के कुछ यूपीआई व्यापारी लेन-देन पर 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू करने के फैसले को लेकर उठे सवालों के बीच वित्त मंत्रालय ने बुधवार को स्पष्ट किया कि इस निर्णय के पीछे किसी तरह का विदेशी प्रभाव नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि यूपीआई से जुड़े नीतिगत फैसले भारत अपने स्तर पर लेता है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह दावा गलत है कि यूपीआई पर एमडीआर लगाने का फैसला किसी विदेशी दबाव के कारण लिया गया है। सरकार का उद्देश्य एक ऐसा डिजिटल भुगतान तंत्र तैयार करना है, जो लंबे समय तक टिकाऊ, समावेशी और किफायती बना रहे।

## यूपी: चुनावी तैयारियों में जुटे अखिलेश, घोषित किए सात जिलाध्यक्षों के नाम

एजेंसी, लखनऊ।

सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि नकारात्मक अभियान भाजपा का हथियार है। भाजपा समाजवादी पार्टी के नेताओं के खिलाफ डिजिटल अभियान चला रही है। भाजपा की भाषा अलोकतांत्रिक है। भाजपा का एजेंडा समाज में नफरत फैलाना है। भाजपा लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण की विरोधी है। इस सरकार ने मुनाफाखोरी कर महंगाई बढ़ाई है।

अखिलेश प्रदेश सपा मुख्यालय पर विभिन्न जिलों से आए कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2027 में पीडीए के साथ समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। पार्टी का नेता-कार्यकर्ता एकजुटता के साथ काम करें। समाजवादी पार्टी का जो भी प्रत्याशी घोषित होगा, उसी का पूरा साथ देकर जिताकर विधायक बनाना है।

**सपा ने 7 जिलों में नामित किए नए जिलाध्यक्ष:** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 7 जिलों में नए जिलाध्यक्ष नामित किए हैं। सपा अध्यक्ष के निजी सचिव गंगाराम की ओर से मनोनयन पत्र जारी कर दिए गए हैं। बलिया के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार मौर्य, बांदा के उमेश, अयोध्या के जय सिंह, पीलीभीत के धर्मेश गंगवार, गौतमबुद्धनगर के इंदर प्रधान और उन्नाव के जिलाध्यक्ष जयचंद्र विमल बनाए गए हैं। अशोक यादव को मिजार्पुर का कार्यवाहक जिलाध्यक्ष नामित किया गया है। इसके अलावा मथुरा की सभी इकाइयां भंग कर दी गई हैं।

**कैबिनेट का बड़ा फैसला**

## ईपीएफओ के वेतन की अधिकतम सीमा को 15,000 रुपए से बढ़ाकर 25,000 रुपए प्रति माह करने की दी मंजूरी

एजेंसी, नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के तहत अनिवार्य कवरेज के लिए वेतन सीमा को 15,000 रुपए प्रति माह से बढ़ाकर 25,000 रुपए प्रति माह करने की मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि सरकार के इस फैसले से 51 लाख से अधिक अतिरिक्त कर्मचारियों को कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ), कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) और कर्मचारी जमा-संबद्ध बीमा योजना (ईडीएलआई) का लाभ मिलने की उम्मीद है।

सरकार के अनुसार, यह निर्णय न केवल सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि औपचारिक रोजगार को भी बढ़ावा देगा और कर्मचारियों की दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा को मजबूती प्रदान करेगा। ईपीएफओ की वेतन सीमा वर्ष 2004 से 2014 तक 10 वर्षों तक अपरिवर्तित रही थी। इसके बाद सितंबर 2014 में इसे बढ़ाकर 15,000 रुपए किया गया था। अब लगभग 12 वर्षों बाद सरकार ने इसे बढ़ाकर 25,000 रुपए करने का फैसला किया है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में देश में वेतन स्तर, आय और औपचारिक रोजगार में लगातार वृद्धि हुई है। कई राज्यों में न्यूनतम मजदूरी भी मौजूदा सीमा के करीब पहुंच चुकी है। ऐसे में ईपीएफओ ढांचे को मौजूदा आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप बनाना आवश्यक हो गया था।



अभी तक यदि कोई नया कर्मचारी 15,000 रुपए से अधिक मासिक वेतन पर नौकरी शुरू करता था, तो वह स्वतः ईपीएफ ढांचे के अंतर्गत नहीं आता था। इसके कारण बड़ी संख्या में कर्मचारी भविष्य निधि, पेंशन और बीमा जैसी सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं से वंचित रह जाते थे।

नई व्यवस्था लागू होने के बाद 15,000 रुपए से 25,000 रुपए मासिक वेतन पाने वाले कर्मचारियों का बड़ा वर्ग भी अनिवार्य रूप से ईपीएफओ के दायरे में आएगा। इससे लाखों कर्मचारियों को संगठित सामाजिक सुरक्षा प्रणाली का लाभ मिलेगा।

वेतन सीमा बढ़ने के साथ कर्मचारियों को तीन प्रमुख लाभ मिलेंगे। पहला, उन्हें कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) के तहत नियमित बचत का लाभ मिलेगा। दूसरा, कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) के जरिए रिटायरमेंट के बाद पेंशन सुरक्षा मिलेगी। तीसरा, कर्मचारी जमा-संबद्ध बीमा योजना (ईडीएलआई) के तहत बीमा सुरक्षा भी उपलब्ध होगी। इसके अलावा, पेंशन योग्य वेतन और वैधानिक अंशदान व्यवस्था भी वर्तमान वेतन स्तरों के अधिक अनुरूप हो जाएगी।

बयान के अनुसार, इस फैसले से औपचारिक रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। अधिक कर्मचारियों के सामाजिक सुरक्षा ढांचे में शामिल होने से नौकरी की स्थिरता बढ़ेगी और कर्मचारी लंबे समय तक एक ही संगठन के साथ जुड़े रहने के लिए प्रोत्साहित होंगे। सरकार का कहना है कि औपचारिक रोजगार केवल वेतन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उसके साथ सुनिश्चित और पोर्टेबल सामाजिक सुरक्षा भी जुड़ी होनी चाहिए।

# केएमआई में त्वरित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन, रूस के छात्र तीमाफे त्सेरसेव ने सुनाया हिंदी गाना

टीएनएफ टुडे, आगरा।

हिंदी दिवस के अवसर पर कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी हिंदी तथा भाषा विज्ञान विद्यापीठ (केएमआई), डॉक्टर भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय एवं स्वास्तिक हैंडराइटिंग वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी पखवाड़ा उत्सव मनाया जा रहा है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर आशु रानी के मार्गदर्शन में आयोजित उत्सव के अंतर्गत बुधवार को त्वरित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा के महत्व, राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय चेतना, पर्यावरण संरक्षण, हिंदी और विज्ञान, शोध के नवीन आयामों तथा संस्कृत से लेकर आज तक हिंदी के गौरवशाली इतिहास पर प्रभावशाली भाषण दिए। निर्णायक मंडल में डॉक्टर मोहिनी दयाल और डॉक्टर रमा रहीं।



### त्वरित भाषण में योगेश शर्मा ने पाया प्रथम स्थान

प्रतियोगिता के संयोजक डॉक्टर अमित कुमार सिंह ने बताया कि आज की प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय की आवासीय इकाई के साथ संबद्ध महाविद्यालयों के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को मंच पर तत्काल विषय प्रदान किया गया, जिस पर उन्होंने निर्धारित समय में अपने विचार प्रस्तुत किए। मूल्यांकन के आधार पर पीजीडीएमसी केएमआई के योगेश शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एम.ए. हिंदी केएमआई के लोकेंद्र सिंह ने द्वितीय स्थान तथा बैकुंठी देवी कन्या महाविद्यालय की बी.ए. छात्रा अंजली शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### सब हेडिंग : रूसी छात्र की प्रस्तुति ने खींचा ध्यान

त्वरित भाषण प्रतियोगिता में रूस के छात्र तीमाफे त्सेरसेव ने सहभागिता कर हिंदी भाषा के प्रति अपनी विशेष रुचि का परिचय दिया और हिंदी में प्रभावशाली ढंग से एक गाना सुनाकर उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों एवं प्रतिभागियों का ध्यान आकर्षित किया। उनकी हिंदी भाषा के प्रति अभिरुचि ने कार्यक्रम को विशेष रूप से उल्लेखनीय बना दिया।

इस अवसर पर विद्यापीठ के निदेशक प्रोफेसर प्रदीप श्रीधर ने कहा कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम ही नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक एवं ज्ञान परंपरा की संवाहक भाषा है। इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में त्वरित चिंतन, तार्किक विश्लेषण, आत्मविश्वास और मंचीय अभिव्यक्ति जैसे गुणों का विकास करती हैं। कार्यक्रम की सफलता पर समन्वयक डॉक्टर वर्षा रानी ने निदेशक, निर्णायक मंडल, शिक्षकगण, कर्मचारियों एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान डॉक्टर पल्लवी आर्य, डॉक्टर संदीप शर्मा, कंचन, प्रीति कुमारी, उपेंद्र पचौरी आदि की विशेष उपस्थिति रही।

# फतेहपुर सीकरी इलाके में दो दुकानों के ताले तोड़कर चोरी, सात साउंड मशीनें और नकदी पार



टीएनएफ टुडे, फतेहपुर सीकरी।

फतेहपुर सीकरी इलाके में मंगलवार रात दो दुकानों के ताले तोड़कर चोरी की गई। चोर डीजे साउंड की दुकान से सात साउंड मशीनें ले गए, वहीं पास की परचून दुकान से सामान और करीब अठारह से बीस हजार रुपये नकद भी चुरा लिए गए। दुकानदारों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी है।

जानकारी के मुताबिक, चोरों ने रात में डीजे साउंड की दुकान के ताले तोड़े और अंदर रखी सात साउंड मशीनें चुरा लीं। इसके बाद उन्होंने पास की परचून दुकान को भी निशाना बनाया। परचून दुकानदार ने बताया कि दुकान से सामान के साथ गल्ले में रखे अठारह से बीस हजार रुपये नकद भी गायब थे।

सुबह जब दुकानदार अपनी दुकानों पर पहुंचे, तो उन्हें ताले टूटे और सामान गायब मिला, जिसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पीड़ित दुकानदारों ने पुलिस से चोरी हुए सामान को ढूंढने और मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। इस घटना के बाद आसपास के दुकानदारों ने रात की सुरक्षा पर चिंता जताई है। व्यापारियों का कहना है कि बाजार में रात की गश्त बढ़ाई जानी चाहिए।

थाना अध्यक्ष आनंदवीर सिंह ने बताया कि चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है और जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# होटल के कमरा से नकदी चोरी करने वाले शातिर चोर गिरफ्तार



टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

थाना फतेहाबाद पुलिस ने चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर होटल के कमरा से नकदी चोरी करने वाले शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया, कब्जे से नकदी सहित घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई।

एसीपी फतेहाबाद इमरान अहमद ने बताया कि मंगलवार को अमित गुप्ता पुत्र अनिल कुमार गुप्ता, निवासी अ-98, महाराणा मानसरोवर, गोवर्धन रोड, मथुरा ने तहरीर देकर बताया था कि अपने भाई के साथ कस्बा फतेहाबाद स्थित अतिथि होटल में रुके थे।तथा होटल में बगल के कमरे में भी यात्री रूके थे तभी रात में बगल के कमरे में रूके मोहम्मद फैज पुत्र मौहम्मद रफीक व एक अज्ञात व्यक्ति होटल के कमरे से 25 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए है। जिस संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था। और आरोपियों को पकड़ने के लिए टीमों को लगाया गया था। बुधवार को फतेहाबाद पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर भलोखरा पुलिया के पास से मोहम्मद फैज पुत्र मोहम्मद रफीक निवासी वाशिनगंज कैम्पवेल रोड थाना ठाकुरगंज लखनऊ, रेहान पुत्र मुंशी निवासी रामनगर कैम्पवेल रोड बालागंज मंदिर थाना शहादतगंज लखनऊ को गिरफ्तार कर किया है। जिनके कब्जे 16000 रुपए नगद, दो मोबाइल व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है। वहीं दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक फतेहाबाद विनोद कुमार मिश्रा,उपनिरीक्षक अनुज कुमार द्विवेदी,सुमित यादव सागर सिंह आदि मौजूद रहे।



## फतेहाबाद थाने में 13 लावारिस वाहनों की हुई नीलामी, सरकारी खजाने में जमा होंगे 1.96 लाख

**फतेहाबाद।** माल निस्तारण अभियान के तहत बुधवार को थाना फतेहाबाद परिसर में 13 लावारिस वाहनों की खुली नीलामी कराई गई। नीलामी से कुल 1,96,000 रुपये प्राप्त हुए जिसे पुलिस के सरकारी कोषागार में जमा कराया जाएगा।

सहायक पुलिस आयुक्त फतेहाबाद इमरान अहमद की अध्यक्षता में गठित पुलिस टीम की देखरेख में नीलामी प्रक्रिया बुधवार को संपन्न हुई। इस दौरान नीलामी में भाग लेने पहुंचे 21 बोलीदाताओं का नियमानुसार पंजीकरण कर टोकन जारी किए गए थे। इसके बाद बोलीदाताओं ने पारदर्शी तरीके से अपने-अपने टोकन के आधार पर वाहनों की बोलियां लगाईं। प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने के लिए फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराई गई। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र, मालखाना हेड मोहर्रिर अरुण कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# कुष्ठ रोग के सेवा-साधक डॉ. वेद भारद्वाज को श्रद्धांजलि

**होटल पीएल पैलेस में आयोजित हुई अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक डॉ. वेद भारद्वाज की द्वितीय पुण्यतिथि**

- **केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल और अभिनेता राज बब्बर ने दी श्रद्धांजलि, डॉ. राजीव पचौरी को मिला 'डॉ. वेद भारद्वाज सम्मान-2026'**

टीएनएफ टुडे, आगरा।



लेप्रोसी पेशेन्ट्स वेलफेयर सोसायटी द्वारा संजय प्लेस स्थित होटल पीएल पैलेस में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक, राष्ट्रीय जालमा संस्थान के पूर्व निदेशक और सोसायटी के पूर्व सचिव स्व. डॉ. वेद भारद्वाज की द्वितीय पुण्यतिथि पर एक भव्य विज्ञान व्याख्यान-माला एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान शहर के तमाम प्रबुद्धजनों ने उनके जीवन और मानवता के लिए किए गए कार्यों का भावपूर्ण स्मरण किया।

शोध से लेकर सेवा तक का सफर रहा प्रेरणादायकः प्रो. एसपी सिंह बघेल

समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने कहा कि डॉ. भारद्वाज ने अपने पूरे जीवन में कुष्ठ रोग से जुड़े सामाजिक कलंक को मिटाने के लिए सक्रिय रूप से काम किया। उन्होंने कहा कि शोध से लेकर जमीन पर सेवा कार्य तक उनकी लंबी यात्रा अत्यंत सराहनीय रही है और उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया जाना चाहिए। वहीं अतिविशिष्ट अतिथि अभिनेता और पूर्व सांसद राज बब्बर ने अपने संदेश में स्व. डॉ. वेद भारद्वाज की सोच और डॉ. मधु भारद्वाज के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि संस्था ने बिना किसी सरकारी मदद के मानवीय संवेदना की मिसाल पेश की है।

### डॉ. राजीव पचौरी को मिला प्रतिष्ठित सम्मान

कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए वरिष्ठ नाक-गला रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव पचौरी को 'डॉ. वेद भारद्वाज सम्मान-2026' से नवाजा गया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि प्रो. एसपी सिंह बघेल और संस्था की सचिव डॉ. मधु भारद्वाज द्वारा महात्मा गांधी व स्व. डॉ. वेद भारद्वाज के चित्रों पर दीप जलाकर व माल्यार्पण करके की गई। इस दौरान उपलब्धि भारद्वाज ने उनके जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला, जबकि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. राजेंद्र मिलन ने काव्यांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन श्रीकृष्ण ने किया और आभार संकल्प भारद्वाज ने व्यक्त किया।

### स्वच्छता ही स्वस्थ भारत की आधारशिला

इस अवसर पर 'विभिन्न बीमारियों से बचाव में स्वच्छता की भूमिका' विषय पर एक विशेष विज्ञान व्याख्यान-माला भी आयोजित की गई। मुख्य वक्ता डॉ. मुनीश्वर चतुवेर्दी ने कहा कि हमारा शौचालय हमारे ड्राइंग रूम से भी बेहतर होना चाहिए, वहीं पूर्व आईएएस शशिकांत शर्मा ने बढ़ती जनसंख्या को स्वच्छता में मुख्य बाधा बताया। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि व्यक्तिगत और सामुदायिक स्वच्छता ही कई गंभीर और संक्रामक बीमारियों से बचाव का सबसे प्रभावी और सस्ता उपाय है। इस सत्र में डॉ. डी.वी. शर्मा, अरुण डंग, डॉ. नरेंद्र मल्होत्रा, नीरज जैन, अशोक अश्रु, डॉ. यशोयश, दीपक प्रहलाद, डॉ. गिरजा शंकर शर्मा, डॉ. भानु प्रताप सिंह और किरन शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भगवती देवी जैन कन्या महाविद्यालय में हिंदी दिवस की धूम

**श्रीमती भगवती देवी जैन कन्या महाविद्यालय में हुआ हिंदी सप्ताह का भव्य आयोजन**

टीएनएफ टुडे, आगरा।

श्रीमती भगवती देवी जैन कन्या महाविद्यालय के हिंदी विभाग की ओर से हिंदी दिवस के अवसर पर एक उत्साहवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन में वक्ताओं ने हिंदी भाषा और साहित्य की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, इसकी सरलता और दुनियाभर में इसके निरंतर बढ़ते प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम में हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. शिखा श्रीधर ने कहा कि हिंदी दिवस और हिंदी साहित्य का आपस में गहरा और अटूट रिश्ता है। हिंदी की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण इसकी सहजता, सरलता और मिठास है। उन्होंने बताया कि आज भारत के अलावा मॉरीशस,





फिजी, सूरीनाम, नेपाल, अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में भी हिंदी का दायरा तेजी से फैल रहा है।

प्रो. शिखा श्रीधर ने हिंदी के संवैधानिक सफर पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में हिंदी को देश की राजभाषा के रूप में अपनाया था। इसके बाद 26 जनवरी 1950 को जब संविधान लागू हुआ, तो अनुच्छेद 343 के तहत हिंदी को राजभाषा और देवनागरी को उसकी लिपि बनाया गया। सरकार के निर्णय के बाद वर्ष 1953 से हर साल 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने की शुरूआत हुई। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदी का शब्द-भंडार बहुत विशाल है और सिनेमा तथा जनसंचार माध्यमों ने भी इसके प्रचार-प्रसार में अहम भूमिका निभाई है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो. वंदना अग्रवाल थीं, जबकि अध्यक्षता प्रो. मीरा अग्रवाल ने की। इस दौरान हिंदी विभाग की सहायक आचार्य डॉ. नेहा विश्वकर्मा, डॉ. अंकिता तिवारी के साथ-साथ शोधार्थी कल्पना सिंह, संगीता शर्मा और यतेश गौतम ने अपने विचार रखे और मनमोहक काव्य-पाठ

- **हिंदी विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने भाषा की महत्ता, उसकी वैश्विक लोकप्रियता और समृद्ध परंपरा पर रखे विचार**

प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. नसीम अख्तर, डॉ. सगीता कुमार, डॉ. आभा मिश्रा और डॉ. नीलम कांत सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। इसके अलावा छात्राओं में खुशी, सरस्वती, काजल और अनीता ने भी सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. अर्चना निगम द्वारा किया गया।

## इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2026-270 हेतु पंजीकरण की अंतिम तिथि 22 तक बढ़ी

**आगरा।** कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2026-27 का शुभारंभ किया गया है। इसका उद्देश्य देश के प्रतिभाशाली एवं कुशल युवाओं की पहचान कर उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है।

इच्छुक प्रतिभागी स्किल इंडिया डिजिटल हब की वेबसाइट https:// www. skillindiadigital.gov.in/home के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 22 सितंबर 2026 कर दिया गया है।

इस प्रतियोगिता में उद्योग-प्रासंगिक एवं भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप कुल तेरसठ कौशल श्रेणियां शामिल की गई हैं, जिनमें उन्नत मैन्युफैक्चरिंग, निर्माण, डिजिटल टेक्नोलॉजी, हॉस्पिटैलिटी सहित अन्य उभरते हुए क्षेत्र शामिल हैं।

जिला समन्वयक, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, आगरा ने जनपद के युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण कर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, अधिवक्ता गंभीर घायल

**फतेहाबाद।** कस्बा फतेहाबाद के बाह रोड बाईपास पर बटेश्वर नाथ कोल्ड स्टोरेज के सामने बुधवार सुबह दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। फतेहाबाद से तहसील जा रहे अधिवक्ता कुलदीप गंभीर



रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने अधिवक्ता को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद में भर्ती कराया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नंदगंवा थाना जैतपुर निवासी कुलदीप पुत्र अभिलाष सिंह फतेहाबाद तहसील में अधिवक्ता हैं। बुधवार सुबह दस बजे बाइक से तहसील स्थित अपने बिस्तर पर जा रहे थे। इसी दौरान बटेश्वर नाथ कोल्ड स्टोरेज के पास सामने से आ रही बाइक से उनकी बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। दूसरी बाइक सवार को मामूली चोटें आईं, जबकि अधिवक्ता कुलदीप को गंभीर चोटें लगीं। हादसा होते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और घायल अधिवक्ता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद में भर्ती कराया गया।

# किसान दिवस पर ग्यारह शिकायतों का हुआ निस्तारण

टीएनएफ टुडे, आगरा।

आज उप कृषि निदेशक मुकेश कुमार की अध्यक्षता में कृषि विज्ञान केंद्र, बिचपुरी, आगरा के सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद आगरा के किसानों की समस्याओं का जिलास्तरीय अधिकारियों द्वारा समाधान किया गया। बैठक में सहकारिता विभाग से संबंधित दो, सिंचाई विभाग से संबंधित दो, विद्युत विभाग से संबंधित तीन,

- **सहकारिता, सिंचाई, विद्युत, पशुपालन सहित अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं का मौके पर हुआ समाधान**
- **सरसों बीज के लिए पोर्टल पर बुकिंग शुरू, कृषि यंत्रों पर अनुदान और लम्पी स्किन डिजीज से बचाव के लिए टीकाकरण की दी गई जानकारी**





मुख्य पशुचिकित्साधिकारी से संबंधित दो, उद्यान विभाग से संबंधित एक और उप कृषि निदेशक से संबंधित एक सहित कुल ग्यारह शिकायतें प्राप्त हुईं।

उप कृषि निदेशक आगरा ने सरसों के बीज के बारे में अवगत कराया कि किसान पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग कर लाभ प्राप्त करें। कृषि यंत्रीकरण योजना के अंतर्गत कृषि यंत्रों पर अनुदान के संबंध में किसान दिवस में उपस्थित कृषकों को जानकारी दी गई। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी आगरा ने पशुओं में होने वाले लम्पी स्किन डिजीज के बचाव के बारे में बताते हुए अवगत कराया कि विभाग द्वारा टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने किसानों को बाजरा खरीद के बारे में बताया, जबकि जिला उद्यान अधिकारी आगरा ने आलू के बीज के संबंध में जानकारी दी। उप कृषि निदेशक आगरा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का समय पर तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

किसान बैठक में उप कृषि निदेशक आगरा, जिला कृषि अधिकारी आगरा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी आगरा, जिला उद्यान अधिकारी आगरा, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक आगरा, अधिशासी अभियंता ग्रामीण विद्युत आगरा, अधिशासी अभियंता नलकूप खंड आगरा, अधिशासी अभियंता सिंचाई नहर आगरा (प्रतिनिधि), सहायक निदेशक मत्स्य आगरा, सहायक अभियंता लघु सिंचाई आगरा, जिला खाद्य विपणन अधिकारी आगरा आदि जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ ही किसान मोहन सिंह चाहर, श्याम सिंह चाहर, लक्ष्मी नारायण बघेल, सोमवीर यादव सहित लगभग सौ किसान सभागार में उपस्थित रहे।

TNF TODAY
टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday tnftoday
www.tnftoday.com / epaper



# अखिल भारतीय थल सैनिक कैंप-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली एनसीसी कैडेट्स का सम्मान

टीएनएफ टुडे, आगरा।

1 यू.पी. गर्ल्स बटालियन, आगरा ग्रुप की तीन एनसीसी कैडेट्स ने नई दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय थल सैनिक कैंप में प्रतिभाग कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय स्तर के इस प्रतिष्ठित कैंप में कैडेट्स की उपलब्धियों पर 1 यू.पी. गर्ल्स बटालियन द्वारा उनके सम्मान में समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आगरा कॉलेज, आगरा की गर्ल्स विंग की कॉरपोरल मनीषा बाने ने प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा दो स्वर्ण पदक अर्जित किए। उनके इस प्रदर्शन से आगरा कॉलेज एवं 1 यू.पी. गर्ल्स बटालियन का गौरव बढ़ा है। इसी प्रकार पुष्पांजलि कॉलेज ऑफ नर्सिंग की कॉरपोरल सृष्टि शर्मा ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए व्याख्यान प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अर्जित किया। गणेशराम नगर सरस्वती बालिका विद्या मंदिर की कैडेट दिव्या सिंह ने (फायरिंग) प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सराहनीय प्रदर्शन किया। सम्मान समारोह में बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल शैलेंद्र कुमार गुप्ता ने कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि अनुशासन, समर्पण, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास सफलता के महत्वपूर्ण आधार हैं।



उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के कैंप में चयनित होकर विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करना स्वयं में महत्वपूर्ण उपलब्धि है और कैडेट्स का प्रदर्शन अन्य एनसीसी कैडेट्स के लिए प्रेरणादायी है। कर्नल शैलेंद्र कुमार गुप्ता ने कैडेट्स की सफलता में योगदान देने वाले अधिकारियों एवं प्रशिक्षकों की भी सराहना की। उन्होंने एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल रीना गोस्वामी, कैडेट्स की मार्गदर्शक कैप्टन रीता निगम, लेफ्टिनेंट शैली शर्मा एवं थर्ड ऑफिसर आशा चौहान, बटालियन के सूबेदार मेजर रोशन लाल, ट्रेनिंग ऑफिसर मानिक राव हक्के, गर्ल्स कैडेट इंस्ट्रक्टर्स एवं स्थायी इंस्ट्रक्टर्स के प्रशिक्षण, मार्गदर्शन एवं सहयोग की प्रशंसा की।

इस अवसर पर आगरा कॉलेज, आगरा के प्राचार्य प्रो. सी. के. गौतम ने कॉरपोरल मनीषा बाने की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर मनीषा का उत्कृष्ट प्रदर्शन आगरा कॉलेज के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि मनीषा की उपलब्धि महाविद्यालय की अन्य छात्राओं को भी अनुशासन, परिश्रम और राष्ट्रसेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

प्राचार्य प्रो. सी. के. गौतम ने कैप्टन रीता निगम की भी विशेष रूप से सराहना करते हुए कहा कि एक कुशल अठड के रूप में उन्होंने कैडेट मनीषा बाने को निरंतर मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रदान किया, जिसका परिणाम राष्ट्रीय स्तर पर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के रूप में सामने आया।

समारोह के दौरान उपस्थित एनसीसी कैडेट्स में विशेष उत्साह और उमंग दिखाई दी। कमांडिंग ऑफिसर एवं अन्य अधिकारियों ने कैडेट्स को विभिन्न एनसीसी गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लेने तथा अनुशासन, नियमित अभ्यास और समर्पण के साथ अपने लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

आगरा कॉलेज परिवार ने कॉरपोरल मनीषा बाने की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें तथा अखिल भारतीय थल सैनिक कैंप-2026 में प्रतिभाग करने वाली सभी कैडेट्स को हार्दिक बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# श्री साईं गणेश महोत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

टीएनएफ टुडे, आगरा।



डिफेंस एस्टेट स्थित टैगोर बाल निकेतन में श्री साईं सेवा मित्र मंडल के तत्वावधान में आयोजित 'श्री साईं गणेश महोत्सव 2026' के तीसरे दिन बुधवार को विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। महोत्सव के तहत आयोजित विशेष प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

महोत्सव के तीसरे दिन बच्चों के लिए एक आकर्षक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के बाल प्रतिभागियों ने पूरी ऊर्जा के साथ हिस्सा लिया। बच्चों ने भगवान श्री गणेश की महिमा, भारतीय संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण, पारिवारिक संस्कारों और सामाजिक जिम्मेदारियों जैसे गंभीर विषयों पर अपने मौलिक विचार बहुत ही सुंदर और रचनात्मक अंदाज में शब्दों के माध्यम से पिरोए। आयोजकों का मानना है कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों की लेखन क्षमता और बौद्धिक विकास को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ उनमें सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सम्मान भी जागृत होता है।

प्रतियोगिताओं के समापन के पश्चात विधि-विधान के साथ भगवान श्री गणेश की भव्य आरती संपन्न हुई। आरती के दौरान पूरा परिसर गणपति बप्पा मोरया के जयकारों और वैदिक मंत्रोच्चार से गूंज उठा, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने विघ्नहर्ता गणेश से अपने परिवार और क्षेत्र के लिए सुख, समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की मंगल कामना की।

मीडिया प्रभारी राजेंद्र घिल्डियाल ने जानकारी दी कि टैगोर बाल निकेतन में यह भव्य गणेश महोत्सव 14 सितंबर से 25 सितंबर 2026 तक लगातार आयोजित किया जा रहा है, जिसमें आने वाले दिनों में भी बच्चों और युवाओं के लिए कई सांस्कृतिक व रचनात्मक प्रतियोगिताएं होंगी। इस अवसर पर तनु, लक्ष्मी, सोनम, शिल्पी, गौरी, खुशबू, नीना, रिंकी, वंशिका योगी, सौरभ वर्मा, हैप्पी और महेश भास्कर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## राधाष्टमी पर 160 बसों का होगा संचालन, यात्रियों की सुविधा पर रहेगा जोर

**आगरा।** बरसाना में 19 सितंबर को होने वाले राधाष्टमी पर्व को लेकर रोडवेज ने तैयारियां तेज कर दी हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 18 से 20 सितंबर तक आगरा क्षेत्र से बरसाना के लिए 160 बसों का संचालन किया जाएगा। मंगलवार को क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में क्षेत्रीय प्रबंधक ब्रह्म प्रकाश अग्रवाल ने सभी डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों एवं वित्त अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों और संचालन की समीक्षा की। क्षेत्रीय प्रबंधक ब्रह्म प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि आगरा से बरसाना वाया मथुरा-गोवर्धन 50, मथुरा से बरसाना वाया गोवर्धन 60, वृंदावन से बरसाना 30, मथुरा से बरसाना वाया छाता पांच और मथुरा से बरसाना वाया कोसी 15 बसें संचालित की जाएंगी। बरसाना में जिला प्रशासन मथुरा की ओर से बनाए गए अस्थायी बस स्टैंड से बसों का संचालन होगा।

उन्होंने बताया कि बरसाना, गोवर्धन, भूतेश्वर बस स्टेशन मथुरा और आगरा आईएसबीटी पर तीनों पालियों में अधिकारी व कर्मचारी तैनात रहेंगे। यात्रियों के लिए मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के साथ बसों को साफ-सुथरी और सुरक्षित स्थिति में संचालित किया जाएगा। मार्ग पर प्रवर्तन की भी समुचित व्यवस्था रहेगी। बैठक में चालकों की कमी दूर करने के लिए भर्ती अभियान चलाने, विभागीय खर्चों में कमी, आय व लोड फैक्टर बढ़ाने, शहरों के अंदर से बसें संचालित करने और बाईपास से बचने के निर्देश दिए गए।

# व्यापारी पर फायरिंग: डीसीपी सिटी के रवैये से भड़के सपाई

**साक्ष्य के बावजूद आरोपियों पर ढिलाई का आरोप, विनय अग्रवाल बोले-व्यापारियों के उत्पीड़न पर चुप नहीं बैठेंगे**

टीएनएफ टुडे, आगरा।



व्यापारी हरिशंकर यादव की दुकान पर खुलेआम रिवॉल्वर से हुई फायरिंग और जान से मारने की धमकी के मामले में कलेक्ट्रेट में उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने डीसीपी सिटी से मुलाकात का बहिष्कार कर दिया। प्रतिनिधिमंडल आगरा दक्षिण विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी विनय अग्रवाल के नेतृत्व में न्याय की गुहार लगाने पहुंचा था।

विनय अग्रवाल ने आरोप लगाया कि गंभीर घटना और स्पष्ट सीसीटीवी फुटेज होने के बावजूद डीसीपी सिटी ने संवेदनशीलता दिखाने के बजाय अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि पुलिस का ऐसा रवैया अपराधियों को संरक्षण देने जैसा प्रतीत होता है।

**प्रमुख मांगें**

मामले में जानलेवा हमले सहित आर्म्स एक्ट की सुसंगत गंभीर धाराएं बढ़ाई जाएं और आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार कर अवैध हथियार बरामद किए जाएं।

पीड़ित व्यापारी हरिशंकर यादव और उनके परिवार को तत्काल पुलिस सुरक्षा दी जाए।

पीड़ितों और जनप्रतिनिधियों से दुर्व्यवहार करने वाले असंवेदनशील अधिकारियों को तुरंत पद से हटाया जाए।

जब तक व्यापारी आयोग का गठन नहीं होता, तब तक उत्पीड़न रोकने के लिए सख्त वैधानिक व्यवस्था से व्यापारियों को जोड़ा जाए।

विनय अग्रवाल ने दो टूक चेतावनी दी कि यदि पुलिस प्रशासन ने मामले में निष्पक्ष और त्वरित कार्रवाई नहीं की, तो समाजवादी पार्टी व्यापारी समाज के साथ मिलकर बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होगी।

इस दौरान पीड़ित व्यापारी हरिशंकर यादव व उनकी पत्नी, विनय अग्रवाल, दक्षिण विधानसभा अध्यक्ष सतीश चाहर, व्यापार सभा अध्यक्ष सोमेश गुप्ता, राजेश जायसवाल, दयाराम प्रजापति, कालीचरण डाकोरिया, अमित प्रताप सिंह, परवेज खान, हिमांशु यादव, सलमान, जीनेश अग्रवाल सहित कई व्यापारी व सपा नेता मौजूद रहे।



## श्रीमती भगवती देवी जैन कन्या महाविद्यालय, आगरा छावनी में पुस्तकालय कार्यशाला का आयोजन

**आगरा।** श्रीमती भगवती देवी जैन कन्या महाविद्यालय, आगरा छावनी, आगरा में पुस्तकालय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या प्रो० मीरा अग्रवाल एवं अन्य वरिष्ठ प्रवक्ताओं द्वारा माँ सरस्वती तथा पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ० एस०आर० रंगनाथन की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। पुस्तकालय की प्रभारी प्रो० अनीता रानी ने वरिष्ठ प्रवक्तओं प्रो० अनुराधा गुप्ता, प्रो० शिखा श्रीधर, प्रो० अनुपम शैरी का भी माला पहनाकर स्वागत किया। डॉ० नसीम अख्तर जो कि पुस्तकालय की कार्य प्रभारी है पुस्तकालय के बारे में विशेष बिन्दू पर प्रकाश डाला तथा पुस्तकालय में कार्यरत श्रीमती रेनू जैन ने पुस्तकालय कार्यशाला के उद्देश्य जैस ऑनलाइन ўूँ्ठ्री.ङ्क्वॅ वेबसाइट पुस्तकों की जानकारी, सन्दर्भ सेवा, पत्र पत्रिकाओं के बारे में बताया कार्यक्रम के अंत में पुस्तकालय प्रभारी प्रो० अनीता रानी पुस्तकालय का धन्यवाद् ज्ञापन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के पुस्तकालय समिति की डॉ० नीलम सिंह, डॉ० गरिमा सिंह, श्रीमती चंचल गुप्ता एवं अन्य शिक्षिकाएं डॉ० नेहा विश्वकर्मा, डॉ० अर्चना सिंह, डॉ० चंचल देवी, डॉ० नीलम, डॉ० अमृता श्रीवास्तवा, डॉ० अमिता वर्मा, डॉ० कुमारी अनुपमा, डॉ० आभा मिश्रा, डॉ० संगीता कुमार एवं अन्य प्रवक्ताएं उपस्थित रहीं।

## शहीद अभिषेक यादव को सांसद राजकुमार चाहर ने दी श्रद्धांजलि



**आगरा।** फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र की आगरा ग्रामीण विधानसभा के गांव बमरौली अहीर निवासी एवं सीमा सशस्त्र बल (ररइ) में तैनात वीर जवान शहीद अभिषेक यादव के निधन पर सांसद राजकुमार चाहर ने उनके निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सांसद ने शोकाकुल परिजनों से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा इस कठिन समय में परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि शहीद अभिषेक यादव का राष्ट्र के प्रति सर्वोच्च बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

# मणि एंक्लेव में 111 कलशों के साथ निकली भव्य कलश यात्रा, भक्तिमय हुआ पूरा क्षेत्र

टीएनएफ टुडे, आगरा।



मणि एंक्लेव, शांति एंक्लेव, न्यू आदर्श नगर, बल्केश्वर में चल रहे चौदहवें गणेश महोत्सव के अंतर्गत आज 111 कलशों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में कॉलोनीवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बैंड-बाजों और जयकारों के साथ यह कलश यात्रा पार्वती घाट स्थित केला देवी मंदिर से मणि एंक्लेव, न्यू आदर्श नगर, बल्केश्वर तक निकाली गई। मणि एंक्लेव में पिछले 14 वर्षों से गणेश महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें कॉलोनी के सभी लोग पूरे उत्साह के साथ सहभागिता करते हैं। आयोजन के संबंध में महेश अग्रवाल और अजय अग्रवाल ने बताया कि पिछले वर्ष राम कथा का आयोजन किया गया था, जबकि इस वर्ष भक्तमाल कथा का आयोजन किया जा रहा है। भक्तमाल कथा का शुभारंभ आज शाम 4 बजे पंडित सुनील पाठक जी के मुखारविंद से होगा। सात दिनों तक प्रतिदिन अलग-अलग धार्मिक कथाओं का आयोजन किया जाएगा, जिससे पूरा मणि एंक्लेव, शांति एंक्लेव और न्यू आदर्श नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहेगा। संजीव शर्मा एवं संदीप शर्मा ने बताया कि गणेश जी के आगमन के साथ यह धार्मिक आयोजन लगातार दस दिनों तक चलता है। इन दस दिनों में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि गणेश जी के आगमन से क्षेत्र में खुशियों का माहौल बन जाता है और पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है।

नूतन शर्मा एवं मोनल शर्मा ने कहा कि गणेश जी के आगमन के साथ हर दिन भगवान की भक्ति और स्मरण में बीतता है। ये दस दिन कब बीत जाते हैं, इसका पता ही नहीं चलता। गणेश जी जब आते हैं तो अपने साथ हजारों खुशियां लेकर आते हैं और जब विदा होते हैं तो वातावरण सूना-सूना सा लगने लगता है।आज भक्तमाल कथा का पहला दिन है। शाम 4 बजे पंडित सुनील पाठक जी के मुखारविंद से कथा श्रवण कराई जाएगी, जिसमें सबसे पहले भक्तमाल की कथा सुनाई जाएगी। आगामी सात दिनों तक विभिन्न धार्मिक कथाओं का आयोजन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मणि एंक्लेव, शांति एंक्लेव एवं न्यू आदर्श नगर के समस्त कॉलोनीवासियों का विशेष सहयोग रहता है। आयोजन में प्रमुख रूप से महेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, संजीव शर्मा, दिनेश चंद, विपिन सिंघल, नूतन शर्मा, मोनल शर्मा, नीलम, सरोज, निधि, सोनिया, अंजली, भारती, मीरा, मुस्कान सहित बड़ी संख्या में भक्तगण एवं कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

गणेश महोत्सव के आगामी दस दिनों तक लगातार विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गणेश जी के आगमन से मणि एंक्लेव सहित पूरे आगरा में उत्साह और भक्ति का वातावरण बना हुआ है। इसी तरह शाम 4 बजे से दशरथ श्रवण कुमार प्रसंग सुनाया गया श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है कथा के बाद रात 9 बजे आरती होती है जिसमें भारी संख्या में लोग पधारते है और प्रसाद ग्रहण करते हैं. !पूरा आगरा इन दिनों भक्तिमय वातावरण में वृंदावन की तरह नजर आ रहा है।

## एलएलबी और बीएएलएलबी की छूटी हुई प्रयोगात्मक व मौखिक परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

**आगरा।** डॉक्टर भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा द्वारा एक महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी की गई है। इसके तहत एलएलबी प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष एवं बीएएलएलबी तृतीय, चतुर्थ व पंचम वर्ष सत्र दो हजार पच्चीस-छब्बीस के छात्र-छात्राओं की छूटी हुई प्रयोगात्मक व मौखिक परीक्षा हेतु अंतिम अवसर प्रदान करते हुए परीक्षा आवेदन पत्र पूरित करने की अंतिम तिथि 16 सितंबर 2026 से बढ़ाकर 21 सितंबर 2026 तक निर्धारित की गई है। ऐसे समस्त छात्र-छात्राएं जो उक्त परीक्षा हेतु आवेदन पत्र पूरित करना चाहते हैं, वे विश्वविद्यालय की वेबसाइट ६६६ .ु्१४ .ूल्ल पर निर्धारित शुल्क एक हजार रुपये मात्र के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## चीनी का रोजा में मेडिकल केयर यूनिट का होगा कायाकल्प, 10 लाख से बदलेगी पुरानी बिल्डिंग



टीएनएफ टुडे, आगरा।

रामबाग स्थित चीनी का रोजा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। यहां स्थित मेडिकल केयर यूनिट के नवीनीकरण के लिए 10 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। बुधवार, 16 सितंबर को एत्मादपुर विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह और सीएमओ आगरा अरुण कुमार ने नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ किया।

नवीनीकरण के तहत मेडिकल केयर यूनिट की पुरानी बिल्डिंग को नए स्वरूप में तैयार किया जाएगा। भवन में आवश्यक मरम्मत और सुधार के साथ मरीजों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। इससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी।

**एक्स-रे और ब्लड टेस्ट की सुविधा भी जुड़ेगी**

मेडिकल केयर यूनिट में एक्स-रे और ब्लड टेस्ट की सुविधा भी जोड़ी जाएगी। अभी सामान्य जांच के लिए लोगों को दूसरे स्वास्थ्य केंद्रों या अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। नई सुविधाएं शुरू होने के बाद मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही कई जरूरी जांच की सुविधा मिल सकेगी।

पुरानी बिल्डिंग की हालत को देखते हुए इसके नवीनीकरण से यूनिट को बेहतर और सुविधाजनक रूप मिलने की उम्मीद है। खासकर आसपास के इलाकों के मरीजों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

10 लाख रुपये की लागत से होने वाला यह नवीनीकरण चीनी का रोजा क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम है। निर्माण पूरा होने के बाद एक्स-रे और ब्लड टेस्ट जैसी सुविधाएं शुरू होने से स्थानीय लोगों को बेहतर चिकित्सा जांच की सुविधा मिल सकेगी।

**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।
**संपादक: धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com
पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# लोकतंत्र की असली ताकत और आम आदमी की आवाज का बढ़ता दायरा

किसी भी सच्चे और जीवंत लोकतंत्र की सबसे बड़ी कसौटी यह नहीं होती कि देश की अर्थव्यवस्था आंकड़ों के हिसाब से कितनी बड़ी है या कितनी ऊंची इमारतें खड़ी हो चुकी हैं, बल्कि उसकी असली पहचान इस बात से होती है कि समाज के सबसे अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की आवाज सत्ता के गलियारों तक कितनी सहजता से पहुंचती है। आज के दौर में जब राजनीति और शासन के तौर-तरीके अत्यधिक तकनीकी और कारपोरेट शैली के होते जा रहे हैं, तब आम नागरिक की भागीदारी केवल मतदान के दिन एक बटन दबाने तक सिमटकर रह गई है। चुनाव जीतने के बाद जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच की यह बढ़ती दूरी लोकतंत्र की मूल भावना के लिए एक गंभीर चुनौती बनती जा रही है, जिस पर गहराई से विचार करने की सख्त जरूरत है। इस व्यवस्थागत दूरी का सबसे बड़ा दुष्परिणाम यह होता है कि आम आदमी की दैनिक समस्याएं जैसे महंगाई, बेरोजगारी, बुनियादी शिक्षा और स्वास्थ्य की लाचारी नीति निमार्ताओं के बड़े-बड़े आंकड़ों और विज्ञापनों की चमक में कहीं छुप जाती हैं। जब नीतियां जनसामान्य की वास्तविक जमीनी जरूरतों के बजाय दूरदराज के कमरों में बैठकर तय होने लगती हैं, तब विकास का लाभ चुनिंदा लोगों तक ही सिमटकर रह जाता है। लोकतंत्र का अर्थ केवल बहुमत की सरकार चलाना नहीं है, बल्कि हर उस व्यक्ति की गरिमा और अधिकारों की रक्षा करना है जो इस देश का निर्माण करता है। यदि शासन प्रणाली और जनता के बीच सीधा संवाद और पारदर्शिता कमजोर हो जाए, तो व्यवस्था धीरे-धीरे जनता के प्रति जवाबदेह रहने के बजाय अपनी ही धुन में मस्त रहने लगती है। इस स्थिति में सुधार लाने के लिए आवश्यक है कि शासन संचालन में विकेंद्रीकरण को बढ़ावा दिया जाए और निर्णय प्रक्रिया में जमीनी स्तर के लोगों की भागीदारी को अनिवार्य बनाया जाए। जब तक आम आदमी को केवल वोट बैंक मानने की प्रवृत्ति राजनीतिक दलों में बनी रहेगी, तब तक लोकतंत्र अपनी पूरी क्षमता के साथ फलीभूत नहीं हो सकता। सरकार और तंत्र को यह समझना होगा कि सच्ची ताकत जनता के विश्वास में निहित है, और उस विश्वास को बनाए रखने के लिए जनहित को सर्वोपरि रखना ही एकमात्र मार्ग है। एक मजबूत लोकतंत्र वही है जहाँ हर नागरिक यह महसूस कर सके कि देश की नीति और दिशा तय करने में उसकी भी उतनी ही सार्थक हिस्सेदारी है जितनी किसी पद पर बैठे राजनेता की।

## अनसुने प्रसंग- क्षेपक कथा

# जब माता सीता की खोज में हनुमान जी के सामने प्रकट हुई थी वह रहस्यमयी मायावी गुफा

रामायण के महासमर और मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन चरित्र से जुड़े कई प्रसंग ऐसे हैं जो सदियों से जनमानस की स्मृतियों में रचे-बसे हैं। वाल्मीकि रामायण से लेकर रामचरितमानस तक हर कथा का अपना एक अलौकिक विस्तार है। परंतु इन सबके बीच कुछ ऐसी क्षेपक कथाएं और लोक-प्रसंग भी प्रवाहित होते हैं जो मुख्य कथा से इतर एक सूक्ष्म दार्शनिक संदेश छोड़ जाते हैं। ऐसा ही एक अत्यंत मर्मस्पर्शी और अनसुना प्रसंग किष्किंधा से दक्षिण की ओर निकले वानर वीरों की खोज यात्रा और विशेषकर हनुमान जी के मार्ग में आई एक गुप्त गुफा से जुड़ा है।

घटना माता सीता की खोज में निकले अंगद जाम्बवान और हनुमान सहित अन्य श्रेष्ठ वानरों के दक्षिण दिशा के अभियान की है। जब वानर सेना विंध्य पर्वतमाला और घने जंगलों को पार करते हुए एक ऐसे अज्ञात भूभाग पर पहुँची जहाँ सूर्य की किरणें भी धरती तक नहीं पहुँच पाती थीं, तब अचानक उन्हें एक अत्यंत प्राचीन और रहस्यमयी गुफा के द्वार पर पहुँचना पड़ा। उस गुफा के भीतर से एक अजीब सी दैवीय चमक और संगीत जैसी गूंज सुनाई दे रही थी, जो किसी भी साधारण जीव को अपनी ओर सम्मोहित कर सकती थी। लोक-कथाओं और कुछ प्राचीन पाण्डुलिपियों के क्षेपक प्रसंगों में उल्लेख मिलता है कि वह कोई साधारण गुफा नहीं थी, बल्कि मय दानव की बनाई गई एक ऐसी मायावी संरचना थी जहाँ समय और दिशाओं का बोध समाप्त हो जाता था। जब सभी वानर उस अंधेरे और संकरे मार्ग में भटकने लगे और हताश होकर बैठने लगे, तब हनुमान जी ने अपने आराध्य प्रभु श्रीराम का स्मरण करके उस गुफा के भीतर अकेले ही प्रवेश करने का साहस किया।

प्रसंग के अनुसार, जब हनुमान जी उस गुफा के अंतिम छोर पर पहुँचे, तब वहाँ एक तेजोमय प्रकाश के बीच एक दिव्य शक्ति ने सूक्ष्म रूप में प्रकट होकर उनकी परीक्षा लेनी चाही। उस मायावी शक्ति ने हनुमान जी से कहा– ''हे पवनसुत, तुम जिस माता सीता को खोजने निकले हो, उनका मार्ग इस लोक की सीमाओं से परे है। तुम इस गुफा के भीतर अपार सिद्धियां और ऐसा ऐश्वर्य प्राप्त कर सकते हो जिससे तीनों लोकों पर विजय पाई जा सकती है, फिर इस मायारहित संसार में लौटने की क्या आवश्यकता है?'' हनुमान जी ने उस प्रलोभन को एक क्षण में भांप लिया। उन्होंने हाथ जोड़कर अत्यंत दृढ़ और ओजस्वी स्वर में उत्तर दिया– ''हे शक्ति, मेरे लिए राम नाम से बड़ा कोई मंत्र नहीं है और प्रभु की सेवा से बड़ा कोई ऐश्वर्य नहीं है। मुझे न तो किसी सिद्धि की लालसा है और न ही इस माया जाल में रुकने की कोई इच्छा है। मेरा लक्ष्य केवल अपने आराध्य के चरणों की सेवा और माता सीता का संधान करना है।'' हनुमान जी के इस अटूट समर्पण और निष्कलंक वैराग्य को देखकर वह मायावी गुफा और उसकी समस्त बाधाएं स्वतः तिरोहित हो गईं तथा वानर सेना के लिए आगे का समुद्र तट का मार्ग पूरी तरह खुल गया। यह अनसुना प्रसंग हमें यह गहरी सीख देता है कि जीवन के मार्ग में चाहे कितने भी प्रलोभन और भटकाव क्यों न आएं, यदि लक्ष्य के प्रति निष्ठा और समर्पण अडिग हो, तो हर बड़ी से बड़ी बाधा को आसानी से पार किया जा सकता है।

# छोटी-सी गलती: 'बस पांच मिनट और' ने फ्रांस को झकझोर दिया और भारत को सोचने पर मजबूर कर दिया

बृज खंडेलवाल

बस पाँच मिनट और! ये वही फेमस पाँच मिनट हैं जो घर के टाइमर नहीं मानते। पेरिस के एक घर में 14 साल का बेटा मोबाइल से चिपका बैठा है; माँ चिल्लाती है, 'खाना ठंडा हो रहा है,' पिता आधे गुस्से में आधा विनती करते हैं, 'मोबाइल नीचे कर दे।' बेटा पलटकर कहता है, 'पापा, यह आखिरी वीडियो है।' वीडियो आखिरी नहीं होता। खुद-ब-खुद चलने वाले अगले-नेक्स्ट ने पाँच मिनट को पचास में बदल दिया , और खाना तो ठंडा ही हुआ।

यह सीन फ्रांस का है, पर एंडिंग इंडिया में भी वही दिखेगी। पेरिस में ये सवाल जोर पकड़ रहा है: बच्चों को डिजिटल दुनिया में कितनी आजादी दें? फ्रांस ने 15 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर एक सख्त रोक का कानून बनाया, जैसी नीयत सही थी, लेकिन अगस्त 2026 में फ्रांस की संवैधानिक परिषद ने कह दिया कि पूरी तरह का बंद करना अभिव्यक्ति और निजता पर जरूरत से ज्यादा चोट है। यानी कहीं अभिव्यक्ति के नाम पर बच्चों को "डिजिटल परदर्शी" बना दिया जाए, तो भी समस्या है।

मैक्रॉन ने हार नहीं मानी: नया प्रस्ताव आया , 13-15 साल वालों के लिए माता-पिता की सहमति, रात में नोटिफिकेशन बंद, ऑटो-प्ले पर पाबंदी और अजनबियों से संपर्क पर रोक। सरल भाषा में: दरवाजा



बंद नहीं करेंगे, पर खिड़कियों पर जाली लगा देंगे।

भारत को भी यह तमाशा दूर से नहीं दिखना चाहिए। हमारे एक अरब से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ताओं में इंस्टाग्राम और यूट्यूब किशोरों की रोजमर्रा की दुनिया बन चुके हैं। यूट्यूब पढ़ाई का वरदान है; वही यूट्यूब कभी-कभी मिर्च-मसाले वाला जाल भी बन जाता है , एक क्लिक और आप "अनसक्योर एरिया" में। बच्चा फिर वही कहता है, 'बस पाँच मिनट' और पाँच मिनट पता ही नहीं चलता कब परीक्षा के पेपर जितने लंबा हो गया।

2023 का हमारा डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन कानून अच्छी कोशिश है: अभिभावकों की सत्यापन योग्य सहमति, बच्चों पर लक्षित विज्ञापन पर रोक , सही कदम हैं। पर असली परीक्षा मैदान पर है। बच्चे जन्मतिथि बदलकर दर्ज कर दें, और पूरा सिस्टम उसी पल का नो-शो कर देता है। ऑनलाइन उम्र छिपाना उतना आसान है जितना परीक्षा में पीछे की सीट से कॉपी देखना , और ज्यादा स्मार्ट।

तो क्या सीधा बैन कर दें, जैसा फ्रांस ने सोचा? भारत और फ्रांस की दुनिया अलग है: ग्राम और शहर का डिजिटल गैप, माता-पिता की डिजिटल अनभिज्ञता, और वही इंटरनेट जो अवसर देता है, उसे काटना सही नहीं होगा। करोड़ों बच्चे ऑनलाइन पढ़ाई, कौशल और नौकरी की जानकारी पा रहे हैं , इन्हें बंद कर देना समस्या का इलाज नहीं, सर्जरी होगी जिसकी सुई गलत जगह लगेगी।

प्रस्तावित रास्ता: प्रतिबंध नहीं, पर ज़िम्मेदारी। मजबूत अभिभावक-सहमति, बेहतर उम्र-प्रमाणीकरण तकनीक, और स्कूलों में डिजिटल साक्षरता पर जोर। सोशल प्लेटफॉर्म्स को भी जवाबदेह बनाइए: ऑटो-प्ले, लगातार नोटिफिकेशन और नशे जैसा डिजाइन–इन फीचर्स पर कड़ाई। बच्चों के लिए "डिजिटल ब्रेक" मोड, रात में नोटिफिकेशन ब्लॉक और शिक्षकों-माता-पिता के लिए आसान टूल्स , छोटे-छोटे सुधार बड़ा फर्क डाल सकते हैं।

मोबाइल अब सिर्फ फोन नहीं रहा। वह जेब में रखा स्कूल भी है, खेल का मैदान भी और कभी-कभी मुसीबत का दरवाजा भी। डिजिटल जिन्न बोतल से बाहर आ चुका है; वापस बंद करना मुश्किल है, पर लगाम किसके हाथ में होगी , ये फैसला अभी हमारे हाथ में है। सुरक्षा जरूरी है, पर वह स्वतंत्रता और निजता की कीमत पर नहीं होनी चाहिए।

फ्रांस रास्ता तलाश रहा है; हम भी सीखें, पर काट-छाँट करने से पहले समझदारी से चुने। आपका बच्चा "बस पाँच मिनट" कहेगा , पर कौन तय करेगा कि पास पाँच मिनट हैं या गिरफ़्तार कर देने वाले पचास?

# तुम ही सर्वश्रेष्ठ हो–बस ठान लो, फिर जीत की राह खुद बनती जाएगी

डॉ. दीपक गोस्वामी




तुम्हें आज एक बात अपने भीतर इतनी गहराई से उतार लेनी चाहिए कि फिर कोई असफलता तुम्हें हिला न सके–तुम कमजोर पैदा नहीं हुए हो।

हाँ, परिस्थितियाँ कमजोर कर सकती हैं। असफलताएँ तोड़ सकती हैं। अपमान भीतर तक चीर सकता है। गरीबी रास्ता रोक सकती है। लोग तुम्हारे सपनों पर हँस सकते हैं। लेकिन इन सबके ऊपर एक शक्ति बैठी है–तुम्हारा निर्णय।

जिस दिन तुमने सचमुच तय कर लिया कि मुझे आगे बढ़ना है, उसी दिन कहानी बदलने लगती है।

लेकिन सावधान! केवल आईने के सामने खड़े होकर 'मैं सर्वश्रेष्ठ हूँ' बोल देने से कोई विजेता नहीं बनता। विचार को कर्म का रक्त चाहिए, लक्ष्य को अनुशासन की हड्डियाँ चाहिए और सफलता को निरंतर प्रयास की साँस चाहिए।

यहीं से असली खेल शुरू होता है।

पहली कटारी–ध्यान जहाँ, ऊर्जा वहाँ

तुम्हारा मस्तिष्क हर क्षण आने वाली असंख्य सूचनाओं में से कुछ पर ही ध्यान देता है। तुम्हारी रुचि, अपेक्षाएँ और पूर्व धारणाएँ यह तय करने में भूमिका निभाती हैं कि तुम्हें क्या अधिक दिखाई देगा।

यदि तुम हर समय कहते रहोगे–'मेरे साथ तो बुरा ही होता है', तो तुम्हारा ध्यान असफलताओं पर अधिक टिकेगा। अवसर सामने खड़ा होगा और तुम्हारी आँख उसे पहचान नहीं पाएगी।

इसके विपरीत, यदि तुम पूछोगे–''इस परिस्थिति में मेरे लिए अगला रास्ता क्या है?'', तो तुम्हारा मस्तिष्क समाधान खोजने लगेगा।

याद रखो–

समस्या हमेशा रास्ता बंद नहीं करती; कई बार हमारी नजर रास्ता देखना बंद कर देती है। इसलिए शिकायत की आदत छोड़ो। प्रश्न बदलो।

'मेरे साथ ऐसा क्यों हुआ?' के स्थान पर पूछो–

'अब मैं क्या कर सकता हूँ?'

यही प्रश्न हारने वाले और लड़ने वाले के बीच खाई बना देता है।

दूसरी कटारी–भावना को दिशा दो

मनुष्य केवल विचारों से नहीं चलता। भावनाएँ उसके निर्णय, व्यवहार और प्रयासों को गहराई से प्रभावित करती हैं।

तुम कहते हो–''मुझे सफल होना है', लेकिन भीतर से डरते हो कि 'कहीं मैं असफल न हो जाऊँ।''

तुम कहते हो–'मैं बदलूँगा', लेकिन भीतर से पुरानी आदतों को पकड़े बैठे हो।

यही आंतरिक टकराव तुम्हारी गति चुरा लेता है। इसलिए सफलता का झूठा अभिनय मत करो।अपने डर को पहचानो। अपनी कमजोरी स्वीकार करो। फिर उसके सामने खड़े हो जाओ।

आत्मविश्वास का अर्थ डर का समाप्त हो जाना नहीं है; डर के बावजूद कदम उठाना है।

जिस दिन तुम डर के साथ चलना सीख गए, उसी दिन डर तुम्हारा मालिक नहीं, यात्री बन जाएगा।

तीसरी कटारी–सुबह और रात को अपने मन की चौखट पर पहरा दो

सोने से पहले और जागने के बाद का समय आत्मचिंतन, योजना और मानसिक तैयारी के लिए उपयोगी हो सकता है। लेकिन इसे कोई जादुई वैज्ञानिक अवस्था समझना भूल होगी।

रात को सोने से पहले पाँच मिनट अपने दिन का हिसाब करो।

कहाँ चूके?

कहाँ अच्छा किया?

कल क्या सुधारना है?

सुबह उठकर मोबाइल की दुनिया में कूदने से पहले अपने दिन की दिशा तय करो। क्योंकि सुबह का पहला विचार पूरे दिन की गारंटी नहीं है, लेकिन पहला उद्देश्य तुम्हारे व्यवहार को दिशा जरूर दे सकता है। दिन की शुरूआत सूचना से नहीं, संकल्प से करो।

चौथी कटारी–तुम्हारी सोच तुम्हारी खिड़की है दुनिया केवल वैसी नहीं दिखती जैसी वह है; वह उस नजर से भी दिखाई देती है जिससे हम उसे देखते हैं। यदि तुम्हें हर व्यक्ति में धोखा दिखाई देता है, तो विश्वास की संभावना तुम्हारी आँखों से छूट सकती है। यदि तुम्हें हर असफलता में अंत दिखाई देता है, तो उसी असफलता में छिपा सबक तुम्हें दिखाई नहीं देगा। लेकिन इसका अर्थ यह भी नहीं कि दुनिया में सब अच्छा है। सकारात्मक सोच का अर्थ मूर्ख बनना नहीं है। साँप को देखकर यह कहना कि सब अच्छा है। सकारात्मकता नहीं, मूर्खता है। सही सकारात्मकता है–साँप को पहचानो, दूरी रखो और रास्ता बदलकर आगे बढ़ो। यही परिपक्व आशावाद है। अंधी उम्मीद नहीं–साफ नजर और मजबूत कदम। पाँचवीं कटारी–मस्तिष्क बदल सकता है, लेकिन चमत्कार से नहीं, मस्तिष्क में सीखने और अभ्यास के साथ परिवर्तन की क्षमता होती है। बार-बार किया गया व्यवहार और लगातार अभ्यास हमारे तंत्रिका मार्गों तथा आदतों को प्रभावित कर सकते हैं। इसका अर्थ बहुत सीधा है। आज की कमजोरी तुम्हारी स्थायी पहचान नहीं है। यदि आज तुम बोलने से डरते हो, अभ्यास करो।

यदि निर्णय लेने से डरते हो, छोटे निर्णय लेना शुरू करो।

यदि पढ़ाई में मन नहीं लगता, निश्चित समय तय करो।

यदि शरीर आलसी है, प्रतिदिन चलना शुरू करो।

यदि आत्मविश्वास कम है, छोटे लक्ष्य जीतना शुरू करो।। अपने आपको केवल बोलकर नहीं, करके नया बनाओ। मैं कर सकता हूँ–कहना अच्छा है। लेकिन उससे बड़ा वाक्य है– मैं करके दिखाऊँगा। और उससे भी बड़ा है– मैं आज शुरू कर रहा हूँ। यहीं से आत्मविश्वास जन्म लेता है। अब इन पाँच बातों को अपनी मुट्ठी में कसकर पकड़ लो ध्यान को दिशा दो।

भावनाओं को समझो।

सुबह-रात स्वयं से संवाद करो।

सोच को यथार्थवादी और सकारात्मक बनाओ। अभ्यास से अपने व्यवहार को बदलो। फिर दुनिया को बदलने की चिंता मत करो। पहले स्वयं को इतना बदलो कि दुनिया के सामने तुम्हारा परिणाम बोलने लगे। बहाने बहुत आसान हैं। समय नहीं मिला। मौका नहीं मिला।लोगों ने साथ नहीं दिया।किस्मत खराब थी। लेकिन इतिहास बहानों से नहीं बनता। इतिहास उन लोगों ने लिखा है जिन्होंने परिस्थितियों के माथे पर उंगली रखकर कहा–अब फैसला मैं करूँगा। तुम्हारी सबसे बड़ी लड़ाई किसी दूसरे से नहीं है। तुम्हारी लड़ाई तुम्हारे भीतर बैठे उस व्यक्ति से है जो हर सुबह कहता है–ह्लआज नहीं, कल से। उसी 'कल' ने न जाने कितने सपनों को कब्र दे दी।इसलिए आज नहीं तो फिर कब? अभी नहीं तो फिर कब? उठो। अपने डर को देखो।

अपनी कमजोरी को पहचानो।

अपनी दिशा तय करो। और पहला कदम उठा दो। यह मत सोचो कि जीत सौ प्रतिशत पक्की है। जीवन कोई गणित का प्रश्न नहीं है। लेकिन इतना जरूर तय कर लो हार आएगी तो सीखोगे। गिरोगे तो उठोगे।

रास्ता बंद होगा तो नया रास्ता खोजोगे।।लोग हँसेंगे तो मुस्कराकर आगे बढ़ोगे। क्योंकि विजेता वह नहीं जिसे कभी हार नहीं मिली। विजेता वह है जिसे हार ने भी रोकना छोड़ दिया। और अंत में एक बात गाँठ बाँध लो– तुम्हें सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए किसी से प्रमाणपत्र लेने की जरूरत नहीं। तुम्हें केवल इतना साबित करना है कि कल वाला तुम, आज वाले तुम से कमजोर था। बस ठान लो। फिर अपने भीतर की जंग को जीतना शुरू करो। क्योंकि दुनिया जीतने से पहले मनुष्य को अपना मन जीतना पड़ता है। और जिस दिन तुमने अपना मन जीत लिया, उस दिन तुम्हारे रास्ते की सबसे बड़ी रुकावट बाहर नहीं, भीतर से हट चुकी होगी।

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

### दिनांक 18 सितंबर 2026 शुक्रवार

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

**प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।**



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज वृष मिथुन कन्या तुला धनु और कुंभ राशि के जातकों का मानसिक मनोबल और भाग्य का संबल अत्यंत उत्तम रहेगा। शुक्रवार का दिन धन वैभव और ऐश्वर्य की दाता माता लक्ष्मी तथा असुर गुरु शुक्र ग्रह की आराधना के लिए परम पवित्र और अक्षय फलदायी माना जाता है। आज के दिन मां लक्ष्मी को खीर का भोग लगाने तथा श्रीसूक्त का पाठ करने से जीवन में अपार सुख समृद्धि और भौतिक ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है।

### मेष

आज कार्यक्षेत्र में आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा और सहकर्मियों का सहयोग आपके पक्ष में रहेगा। आर्थिक मामलों में किए गए प्रयास सफल होंगे और रुके हुए धन की प्राप्ति होगी। माता लक्ष्मी के मंदिर में मिश्री का भोग लगाएं जिससे आपके घर में बरकत बनी रहे।

### वृष

आज आपकी राशि पर शुक्र की विशेष कृपा रहने के कारण व्यापार में बहुत बड़े मुनाफे के योग बन रहे हैं। परिवार के साथ किसी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिलेगा जिससे मन प्रसन्न रहेगा। मंदिर में सफेद वस्त्र या चावल का दान करें जिससे आपके भाग्य के द्वार खुलेंगे।

### मिथुन

आज आपकी वाणी की मधुरता से आपके सभी बिगड़े हुए काम बनेंगे और लोग आपकी कार्यशैली से प्रभावित होंगे। विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल रहेगा और उच्च शिक्षा में सफलता मिलेगी। गणेश जी को दूर्वा अर्पित करें जिससे आपकी बौद्धिक क्षमता और अधिक प्रखर होगी।

### कर्क

आज भूमि भवन या संपत्ति से जुड़ा कोई पुराना




विवाद आपसी सहमति से सुलझने की पूरी संभावना है। पारिवारिक जीवन में सुख शांति बनी रहेगी और माता का विशेष स्नेह प्राप्त होगा। सफेद गाय को ताजा रोटी और गुड़ खिलाएं जिससे आपके परिवार में अखंड समृद्धि का वास हो।

### सिंह

आज समाज और कार्यक्षेत्र में आपके पराक्रम और नेतृत्व क्षमता की खुलकर सराहना होगी जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आय के नए स्त्रोत विकसित होने से आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। मस्तक पर केसर या चंदन का तिलक लगाएं जिससे आपके यश और कीर्ति में वृद्धि होगी।

### कन्या

आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और कहीं से रुका हुआ पुराना धन अचानक वापस मिल सकता है। व्यापारियों को किसी नए बड़े अनुबंध पर हस्ताक्षर करने का अवसर मिलेगा। मां लक्ष्मी के सम्मुख घी का दीपक प्रज्वलित करें जिससे आपके व्यावसायिक मार्ग प्रशस्त हों।

### तुला

आज कला साहित्य और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े जातकों के लिए दिन अत्यंत भाग्यशाली और उपलब्धियों भरा रहेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी और जीवनसाथी की सलाह से बड़ा लाभ होगा। किसी जरूरतमंद को सफेद मिठाई दान करें जिससे आपके जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी।

### वृश्चिक

आज आपके सोचे हुए सभी गुप्त कार्य समय पर पूरे होंगे और विरोधियों पर आपकी स्थिति बहुत मजबूत रहेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें और अनावश्यक तनाव से दूर रहें। संकट नाशन गणेश स्तोत्र का वाचन करें जिससे आपके सभी शत्रु शांत होंगे।

### धनु

आज मित्रों और संबंधियों के सहयोग से कोई बड़ा रुका हुआ वित्तीय कार्य संपन्न हो सकता है। धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों में आपकी गहरी रुचि रहेगी जिससे मानसिक शांति मिलेगी। गुरुजनों का आशीर्वाद लें जिससे आपके सभी अटके हुए मार्ग प्रशस्त होंगे।

### मकर

आज नौकरीपेशा लोगों को उच्च अधिकारियों की प्रशंसा मिलेगी और पदोन्नति से जुड़ी कोई शुभ सूचना मिल सकती है। पुराने कर्ज से मुक्ति मिलने के योग बन रहे हैं। पक्षियों को दाना डालें और गरीबों की सहायता करें जिससे आपके करियर की बाधाएं समाप्त होंगी।

### कुंभ

आज भाग्य का पूरा साथ मिलने से आपके सभी अटके हुए कार्य तेजी से गति पकड़ेंगे और मन प्रसन्न रहेगा। लंबी दूरी की किसी लाभदायक यात्रा के योग बन रहे हैं। भगवान विष्णु के मंदिर में पीले पुष्प अर्पित करें जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और अधिक मजबूत होगी।

### मीन

आज आर्थिक मामलों में बहुत सावधानी बरतने की आवश्यकता है और किसी भी अनजान योजना में निवेश करने से बचें। पारिवारिक माहौल शांत रहेगा और जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। मां लक्ष्मी के श्रीचरणों में कमल का फूल अर्पित करें जिससे आपके सभी संकट दूर होंगे।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

शुक्रवार के दिन घर के आग्नेय कोण को पूरी तरह स्वच्छ रखकर वहां सुगंधित इत्र छिड़कने तथा घी का दीपक प्रज्वलित करने से घर का गंभीर वास्तु दोष समाप्त होता है तथा माता लक्ष्मी की कृपा से आर्थिक समृद्धि और वैभव का स्थायी वास होता है।

# आगरा में पीएनजी को बढ़ावा, जिला पूर्ति अधिकारी ने जीजीएल-ओएमसी के साथ की बैठक

## चौसठ सोसायटी में पांच हजार आठ सौ छह घरों को नोटिस, चार सोसायटी होंगी एलपीजी-मुक्त

टीएनएफ टुडे, आगरा।

जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह द्वारा ग्रीन गैस लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मार्केटिंग प्रबंधक समित पाण्डेय, किशन सिंह, सूर्य प्रकाश गुप्ता और तेल विपणन कंपनियों के विक्रय प्रबंधक एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस बैठक का उद्देश्य पाइप्ड नेचुरल गैस को बढ़ावा देने तथा लागू प्रक्रिया के अनुसार आगरा में चिन्हित बहुमंजिला सोसायटियों और घरों को एलपीजी-मुक्त घोषित करने की समन्वित पहल की प्रगति की समीक्षा करना था।

बैठक के दौरान जिला पूर्ति अधिकारी ने नोटिस वितरण,

**■ छत्तीस सौ बकायेदार पीएनजी उपभोक्ताओं को नोटिस जारी**

उपभोक्ता जागरूकता तथा कंपनियों के बीच आपसी समन्वय की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित हितधारकों द्वारा समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने पर बल दिया, ताकि पीएनजी बुनियादी ढांचे की सुविधा वाले निवासियों को पीएनजी में स्थानांतरित होने में सहायता मिल सके।

आगरा में ऐसी कुल चौसठ बहुमंजिला सोसायटियों की पहचान की गई है, जहां पीएनजी का बुनियादी ढांचा पहले से उपलब्ध है। ग्रीन गैस लिमिटेड ने पुष्टि की कि सभी चौसठ सोसायटियों में नोटिस चस्पा करने तथा पांच हजार आठ सौ छह घरों में हाथ से नोटिस



पहुंचाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। संबंधित तेल विपणन कंपनियों ने भी अपने-अपने एलपीजी उपभोक्ताओं को नोटिस वितरित करना शुरू कर दिया है।

बैठक में उन सोसायटियों में एलपीजी आपूर्ति की भी समीक्षा की गई, जहां निर्धारित नब्बे दिनों की नोटिस अवधि पूरी हो चुकी है। तेल विपणन कंपनियां मौजूदा सप्ताह के दौरान प्रारंभिक तौर पर चार सोसायटियों—अपर्णा रिवर व्यू, फ्रेंड्स आशियाना, फ्रेंड्स पैराडाइज और मातंगी टावर—का उपभोक्ता विवरण ग्रीन गैस लिमिटेड को उपलब्ध कराने पर सहमत हुई हैं। इसके बाद कंपनी लागू प्रक्रिया के अनुसार संबंधित निवासियों से संपर्क स्थापित करेगी।

बैठक में गैसीकृत क्षेत्रों के उन लगभग छत्तीस सौ पीएनजी उपभोक्ताओं की स्थिति की भी समीक्षा की गई, जिनके कनेक्शन पीएनजी के बकाया बिलों के कारण पहले काट दिए गए थे और वे पुनः एलपीजी का उपयोग करने लगे थे। कंपनी ने इन उपभोक्ताओं को बकाया राशि के भुगतान और पीएनजी आपूर्ति बहाल करने के लिए पहले ही नोटिस जारी कर दिए हैं। इस मामले में संबंधित तेल विपणन कंपनी के साथ प्रक्रिया के तहत समन्वय किया जा रहा है।

जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा सभी हितधारकों से आपसी समन्वय बनाए रखने और समय पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि इस पहल के उद्देश्यों को व्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से हासिल किया जा सके।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य पीएनजी को अधिक से अधिक अपनाने, मौजूदा बुनियादी ढांचे का प्रभावी उपयोग करने तथा संबंधित कंपनियों और चिन्हित सोसायटियों के निवासियों के बीच एक समन्वित दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है।



### जन्म शताब्दी समारोह को लेकर विश्व हिंदू परिषद की हुई बैठक

**जगनेर।** जगनेर में जिला सह मीडिया भाजपा डॉ.लवलेश कुमार के निवास पर विहिप ब्रज प्रांत संगठन मंत्री राजेश कुमार ने 4 अक्टूबर को होने वाले जन्म शताब्दी समारोह को लेकर प्रखंड की बैठक ली जिसने विभाग संगठन मंत्री सुशील,निधि प्रमुख रविन्द्र परमार,जिलाध्यक्ष सतेंद्र भारद्वाज,जिला सह मीडिया प्रभारी डॉ.लवलेश कुमार,महेश उपाध्याय राना,रिंकू शर्मा,राजा तोमर,शिवकुमार अग्रवाल,धर्मवीर सेन,संजू सक्सेना,अनूप बघेल,सुनील सेन आदि मौजूद रहे।

### डीएलएड परीक्षा के बहिष्कार का ऐलान

**आगरा।** श्री रत्न मुनि जैन इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद (जनपद आगरा) की एक आपात बैठक बुधवार को आयोजित की गई, जिसमें डीएलएड परीक्षा को लेकर कड़े निर्णय लिए गए। परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार लवानियां और महामंत्री डॉ. मो. जमीर की अगुवाई में हुई इस बैठक में परीक्षा व्यवस्था और निर्धारित कार्यक्रम पर गंभीर चर्चा हुई, जिसके बाद सर्वसम्मति से परीक्षा के बहिष्कार का प्रस्ताव पारित किया गया। परिषद द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार, आगामी 21 सितंबर 2026 से 26 सितंबर 2026 तक आयोजित होने वाली डीएलएड परीक्षा का पूर्ण रूप से बहिष्कार किया जाएगा। इसके साथ ही यह भी तय किया गया कि परीक्षा ड्यूटी पर लगाए जाने वाले परीक्षकों को किसी प्रकार का भुगतान न किए जाने की स्थिति और अन्य समस्याओं के चलते प्रधानाचार्य परीक्षा संबंधी किसी भी कार्य में सहयोग नहीं करेंगे। प्रधानाचार्य परिषद ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि जब तक उनकी समस्याओं और मांगों का उचित समाधान नहीं किया जाता, तब तक उनका यह रुख बरकरार रहेगा। इस संबंध में संबंधित उच्च अधिकारियों से बातचीत भी की जाएगी। बैठक के अंत में परिषद ने जनपद के सभी प्रधानाचार्यों से इस निर्णय के समर्थन में पूरी तरह एकजुट रहने की अपील की है।


### मथुरा में समाजवादी पार्टी ने जिला संगठन किया भंग, सभी पदाधिकारी तत्काल प्रभाव से पदमुक्त

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी ने मथुरा में जिला संगठन को लेकर बड़ा फैसला लिया है। 16 सितंबर को जारी कार्यालय-ज्ञाप के अनुसार समाजवादी पार्टी जनपद मथुरा के जिलाध्यक्ष सहित जिला कार्यकारिणी, महानगर अध्यक्ष एवं महानगर कार्यकारिणी और फ्रंटल संगठनों के सभी जिलाध्यक्ष/महानगर अध्यक्षों तथा उनकी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त किया गया है। पार्टी के केंद्रीय कार्यालय से जारी पत्र पर राष्ट्रीय अध्यक्ष के निजी सचिव गंगाराम के हस्ताक्षर हैं। पत्र में मथुरा की समाजवादी पार्टी की राज्य कार्यकारिणी के पदाधिकारियों और फ्रंटल संगठनों की प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को भी इस निर्णय की जानकारी दी गई है। मथुरा से इस वक्त की बड़ी राजनीतिक खबर सामने आ रही है। समाजवादी पार्टी ने जिले के संगठन को लेकर बड़ा फैसला लिया है। 16 सितंबर को जारी कार्यालय ज्ञाप में मथुरा के जिलाध्यक्ष सहित जिला कार्यकारिणी, महानगर अध्यक्ष और महानगर कार्यकारिणी समेत फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त कर दिया गया है। पार्टी के केंद्रीय कार्यालय से जारी इस पत्र के बाद अब मथुरा में समाजवादी पार्टी के नए संगठन को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

### रिफाइनरी के नराकास को राष्ट्रीय स्तर पर मिला प्रतिष्ठित नराकास प्रोत्साहन सम्मान

**मथुरा।** राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार, प्रभावी कार्यान्वयन और उत्कृष्ट गतिविधियों के क्षेत्र में मथुरा रिफाइनरी की अध्यक्षता में संचालित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास, मथुरा) ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। समिति को वर्ष 2025-26 के लिए ‟उत्कृष्ट श्रेणी" में प्रतिष्ठित ‟नराकास प्रोत्साहन पुरस्कार" से सम्मानित किया गया है। यह गौरवपूर्ण सम्मान नवी मुंबई में आयोजित हिंदी दिवस समारोह एवं छठवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के दौरान श्रीमती अंशुली आर्या, सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदान किया गया। विवेक शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक (सीसी एवं सीएसआर), मथुरा रिफाइनरी ने समिति की ओर से यह सम्मान प्राप्त किया। गौरतलब हो कि वर्तमान में देशभर में कुल 592 नराकास समितियां कार्यरत हैं। इनमें से वर्ष 2025-26 के दौरान राजभाषा हिंदी के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली समितियों का चयन कर यह पुरस्कार दिया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर इस ‟उत्कृष्ट श्रेणी" में नराकास, मथुरा का चुना जाना इसके सदस्य कार्यालयों के समन्वित और सतत प्रयासों का प्रमाण है। नराकास, मथुरा के अंतर्गत वर्तमान में कुल 42 सदस्य कार्यालय कार्यरत हैं, जिनकी सक्रिय सहभागिता से कार्यालयों में हिंदी के प्रति एक सकारात्मक माहौल तैयार हुआ है। मथुरा रिफाइनरी द्वारा वर्ष 1985 से लगातार नराकास, मथुरा की अध्यक्षता की जा रही है। समिति द्वारा समय-समय पर हिंदी कार्यशालाओं, प्रतियोगिताओं, संगोष्ठियों और विभिन्न राजभाषा गतिविधियों का आयोजन किया जाता है, जिससे दैनिक कार्यालयीन कार्यों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग सुनिश्चित हो सके। इस उल्लेखनीय सफलता पर मुकुल अग्रवाल, अध्यक्ष (नराकास मथुरा) एवं कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख ने पूरी टीम को बधाई दी है तथा भविष्य में भी ऐसे मील के पत्थर हासिल करने के लिए प्रेरित किया है।

## बुधवार को महागणपति के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु, प्रसादी ग्रहण कर लिया आशीर्वाद



टीएनएफ टुडे, आगरा।

छलेसर रोड स्थित श्री वरद वल्लभा महागणपति मंदिर में पंचम गणेश महोत्सव के तृतीय दिवस बुधवार को विशेष भीड़ रही। भगवान श्री वरद वल्लभा महागणपति के दिव्य दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंचे और प्रसादी ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर भगवान को फिरोजी पोशाक धारण कराई गई। स्वर्ण मुकुट, कुंडल और विभिन्न आभूषणों से सुसज्जित महागणपति के मस्तक पर सूर्य तिलक शोभायमान रहा। फूल बंगला में विराजमान भगवान का मनोहारी श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन एवं विशेष श्रृंगार सेवा हेमेंद्र अग्रवाल और सीमा अग्रवाल ने की। मंदिर में प्रतिदिन की भांति नित्य अभिषेक, भोग सेवा और आरती के आयोजन भी संपन्न हुए।

मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित लखन दीक्षित और प्रबंधक नितिन शर्मा ने बताया कि महोत्सव के दौरान प्रतिदिन प्रातः 7:30 बजे नित्य अभिषेक, वस्त्र श्रृंगार एवं फल सेवा होती है। प्रातः और सायंकाल महागणपति हवन, शाम 6 बजे सहस्रनाम अर्चना, 7 बजे महाआरती तथा रात्रि 9 बजे शयन आरती होती है।

मंदिर के संस्थापक हरिमोहन गर्ग ने बताया कि महोत्सव का विशेष आकर्षण 101 किलो मेवा मोदक के दर्शन होंगे। 12 दिवसीय महोत्सव में प्रतिदिन भगवान के विविध श्रृंगार और फूल बंगला दर्शन आयोजित किए जा रहे हैं।

# मथुरा में राधा अष्टमी उत्सव की तैयारियाँ पूरी

## 30 से 35 लाख श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

टीएनएफ टुडे, मथुरा।

जनपद मथुरा में इस वर्ष राधा अष्टमी का पावन उत्सव 18 और 19 सितंबर 2026 को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस दो दिवसीय महाउत्सव में देश-प्रदेश से लगभग 30 से 35 लाख श्रद्धालुओं के पहुँचने की संभावना है। श्रद्धालुओं की सुगम और सुरक्षित दर्शन व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक और पुलिस के उच्च अधिकारियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर सभी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुरेश चन्द्र रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार परंपरागत व्यवस्थाओं के अतिरिक्त विशेष मार्ग और सुरक्षा प्लान तैयार किए गए हैं। जिसमें श्रद्धालुओं को बरसाना श्रीजी गेट और पीली कोठी, इन दो प्रमुख रास्तों से मुख्य श्रीजी प्रांगण में प्रवेश कराया जाएगा। वहीं, श्रद्धालुओं की निकासी के लिए जयपुर मंदिर की तरफ से एकल दिशा (वन-वे) निकास मार्ग बनाया गया है।



आपातकालीन स्थिति (कंटिंजेंसी) के लिए दो सीढ़ियों की व्यवस्था की गई है, जबकि सामान्य प्रवेश बड़ी सीढ़ियों के माध्यम से होगा। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कुल 38 होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं। सुरक्षा पर पैनी नजर रखने के लिए 325 लोकेशन पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी मानिटरिंग के लिए पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में एक सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसके अलावा 3 अलग-अलग लोकेशन से ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जाएगी।

स्थानीय श्रद्धालुओं के लिए पहचान पत्र के आधार पर विशिष्ट समय-सारणी के अनुसार पास जारी किए जा रहे हैं, ताकि वे निर्धारित समय पर ही दर्शन कर सकें। उत्सव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है, जिसमें प्रमुख रूप से 08 अपर पुलिस अधीक्षक, 36 क्षेत्राधिकारी (सीओ) कुल 3,000 पुलिस कर्मियों का बल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, थर्ड जेंडर श्रद्धालुओं को सुगमता से कतारबद्ध होकर दर्शन कराने के प्रबंध किए गए हैं। व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए 5 एंटी-रोमियो स्क्वॉड और सादे वस्त्रों में पुलिस बल मुस्तैद रहेगा। आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए 10 स्थानों पर एंबुलेंस और 10 लोकेशन पर फायर ब्रिगेड की टीमें तैनात की गई हैं। मंदिर परिसर में पोर्टेबल फायर उपकरण भी रखे गए हैं। उत्सव से एक दिन पूर्व आपातकालीन सेवाओं का ड्राई रन और वाहनों के मूवमेंट का पूर्वाभ्यास (प्रदर्शन) किया जाएगा।

### जिलाधिकारी ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**मथुरा।** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने आज जनपद मथुरा के बाद स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्थाओं, साफ-सफाई और अग्नि सुरक्षा उपकरणों की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि में भारतीय जनता पार्टी सुरेश तरकर, समाजवादी पार्टी गगन रावत, सोनू ठाकुर व राजीव सिकरवार, बहुजन समाज पार्टी मुनेंद्र सिंह निगम व रामबाबू गौतम, इंडियन नेशनल कांग्रेस अशोक कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी फायर सेफ्टी उपकरणों का अवलोकन कर उनकी एक्सपायरी डेट चेक की और सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को समय-समय पर अग्निशमन यंत्रों की जांच करते रहने के निर्देश दिए। वेयरहाउस की सुरक्षा में तैनात कर्मियों को अपने कार्यों का पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने, सतर्कता बरतने और निरंतर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही, सुरक्षा कर्मियों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरों के सुचारू संचालन और उनके डेटा बैकअप की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने को कहा।

# रामधुन से गूंजा कथा पंडाल, बापू ने बताया ऋषियों की प्रतिष्ठा और मुनियों की निष्ठा का मर्म

## 'बहारों फूल बरसाओ' कहकर बापू ने निंदक का महत्व समझाया, रामनाम को बताया हृदय की औषधि

टीएनएफ टुडे, आगरा।

श्री गुरु चरण सरोज रज की रामधुन और 'जय श्रीराम' के उद्घोष के बीच मोरारी बापू ने बुधवार को करूणानिधान परिवार द्वारा फतेहाबाद रोड स्थित जेपी वेडिंग ग्राउंड में आयोजित श्री रामकथा के द्वितीय दिवस का शुभारंभ किया। ऋषि पंचमी की छांव में 'मानस ऋषि पंचमी' की कथा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने ऋषि-मुनियों की वंदना की और श्रद्धालुओं को भावनात्मक रूप से यमुना में स्नान करने का भाव कराया। रामनाम की धुन से पूरा कथा पंडाल गुंजायमान हो उठा। जल, थल और नभ में रामकथा का अमृत बरसा चुके बापू आगरा की धरती को भी रामभक्ति के रस से सराबोर कर रहे हैं।

बापू ने विगत दिवस के प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए बताया कि श्रीरामचरितमानस में तुलसीदास जी ने सात सौ से अधिक बार ‟मुनि" शब्द का प्रयोग किया है। उन्होंने ऋषि और मुनि के अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा कि ऋषि-मुनियों की परंपरा विविध स्वरूपों और साधना-पथों से समृद्ध रही है। वाल्मीकि, भारद्वाज, अगस्त्य, अत्रि, विश्वामित्र और वशिष्ठ जैसे ऋषियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने उनके प्राकट्य और जीवन-परंपराओं का वर्णन किया।

**ऋषियों की प्रतिष्ठा, मुनियों की निष्ठाः** बापू ने कहा कि ऋषियों को राजप्रतिष्ठा, लोकप्रतिष्ठा और कर्मप्रतिष्ठा प्राप्त हो सकती है, जबकि मुनियों की साधना का केंद्र उनकी निष्ठा है—ईश्वर में, इष्ट के नाम में, मंत्र में, आत्मा में, गुरु में और ग्रंथ में। मुनि प्रायः विरक्त होकर कुटिया में निवास करते हैं। उन्होंने कहा कि जिस साधक में प्रतिष्ठा और निष्ठा का संतुलन हो, वही परम साधु कहलाने योग्य है।गुजरात के प्रसिद्ध भक्त नरसी मेहता का प्रसंग सुनाते हुए बापू ने कहा कि उनके भीतर आत्मनिष्ठा प्रबल थी। मुनि-भाव प्राप्त करने के लिए आत्मनिष्ठ होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ‟खूब भी साधु है, शबरी भी साधु है और मन भी साधु है"—अर्थात साधुता किसी बाहरी



पहचान तक सीमित नहीं, बल्कि भाव और आचरण में प्रकट होती है।कथा मन को स्थिर नहीं, शुद्ध करती है श्रद्धालुओं कीजिज्ञासा-पत्रियों का उत्तर देते हुए बापू ने कहा कि कथा सुनने के बाद मन केवल स्थिर नहीं होता, बल्कि शुद्ध भी होता है। कथा मनुष्य को बोध कराती है। व्यक्ति धोखा दे सकता है, लेकिन कथा कभी धोखा नहीं देती। उन्होंने कहा कि यदि गुरु से ब्रह्मज्ञान न मिले और मन की भ्रांति दूर न हो, तो ऐसे गुरु को छोड़ देना ही उचित है। रामकथा सुनने का



अधिकारी हर वह व्यक्ति है, जिसे साधु-संत प्रिय हैं।

एक भक्त ने कैकेयी के रामप्रेम और उनके वनवास देने के निर्णय को लेकर प्रश्न किया। बापू ने कहा कि तुलसीदास जी के वर्णन में कैकेयी राम के प्रेम की परीक्षा लेना चाहती थीं, लेकिन प्रेम में परीक्षा का भाव कैसा? जहां प्रेम है, वहां परीक्षा की आवश्यकता नहीं रहती।

बहारों फूल बरसाओ, कहकर निंदक का महत्व बताय बापू ने गुजराती भाषा में चुटकी लेते हुए निंदक को अपने आसपास रखने और उसकी लंबी उम्र की कामना करने की बात कही। भाव को समझाते हुए उन्होंने ‟बहारों फूल बरसाओ, मेरा महबूब आया है" का संदर्भ दिया। उन्होंने कहा कि आलोचना को भी आत्मचिंतन का अवसर बनाया जा सकता है।

उन्होंने यह भी कहा कि बिना कारण जो कष्ट सहना पड़े और उसे सहजता से, मुस्कुराते हुए सह लिया जाए, वही सच्चे तप का स्वरूप है। जीवन को सुखमय बनाने का सूत्र देते हुए बापू ने कहा कि घर से निकलते समय, घर लौटते समय और रात को सोने से पहले क्रोध नहीं करना चाहिए। प्रेम से परिपूर्ण पत्नी और मानवता से परिपूर्ण पति का साथ भी सत्संग है। यदि पत्नी संत-स्वभाव और ईश्वर-भाव से परिपूर्ण हो, तो पति का कर्तव्य है कि वह उसके मन की पीड़ा दूर करे।

**रामनाम हृदय की औषधि, कीर्तन से जागता है प्रेम**

बापू ने कहा कि हरि नाम लोगों के लिए औषधि है। दिनभर की व्यस्तता के बीच कम से कम दो मिनट का संकीर्तन अवश्य करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से सनातन धर्म के प्रति श्रद्धा जगाने वाले गीत और फिल्में देखने का आह्वान किया तथा हनुमान जी के जीवन पर आधारित फिल्म देखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ईश्वर का नाम हृदय के लिए बीज के समान है। कीर्तन करते समय आंखों में आंसू आ जाएं, तो समझना चाहिए कि हृदय में वह बीज अंकुरित होकर कल्पतरु की तरह विकसित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि मनुष्य को जीवन में मध्य में रहना सीखना चाहिए। भगवान राम मध्य में हैं, माता जानकी मध्य में हैं और पवनपुत्र हनुमान चेतना रूपी राम तथा सुग्रीव रूपी लकड़ी के मध्य वायु रूप में विराजमान हैं। बापू ने कहा कि वैराग्य के बिना ज्ञान का तेज क्षीण हो जाता है। भगवान राम ज्ञान के स्वरूप हैं और लक्ष्मण वैराग्य के।

मानस की चौपाइयों में देवत्व का वास बापू ने श्रीरामचरितमानस की प्रत्येक चौपाई में देवत्व का वास बताते हुए श्रद्धालुओं से गहराई में उतरकर पाठ करने का आग्रह किया। स्क्रीन पर प्रदर्शित चौपाइयों का भक्तों ने सामूहिक पाठ किया। नन्हे बालकों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ‟श्रीराम जय राम जय जय राम" की धुन में झूमते नजर आए। पंडाल का वातावरण ऐसा भक्तिमय हो उठा, मानो रामराज्य की अनुभूति साकार हो रही हो।

बापू ने कहा कि हनुमान जी जैसा न श्रोता हुआ है, न भक्त। उन्होंने प्रतिदिन संकीर्तन का संकल्प लेने की प्रेरणा दी। कथा के दौरान रामनाम की धुन से वातावरण पवित्र और श्रद्धामय बना रहा। द्वितीय दिवस कथा विश्राम पर करूणानिधान परिवार ने श्री राम चरित मानस की आरती की।

# विशाल मेगा मार्ट में लगी भीषण आग

## तीन घंटे बाद पाया काबू

- एटा और हाथरस से बुलाई गई दमकल, दस गाड़ियां आग बुझाने में जुटीं
- डीएम और एसपी ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य का लिया जायजा



टीएनएफ टुडे, कासगंज।

शहर के नदरई गेट स्थित विशाल मेगा मार्ट में बुधवार को अचानक भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। मार्ट से उठता धुएं का गुबार और आग की तेज लपटें दूर तक दिखाई देने लगीं। आग की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दमकल कर्मियों को करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाने में सफलता मिली।

घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू कर दिया। आग तेजी से फैलने के कारण कासगंज के अलावा पड़ोसी जनपद एटा और हाथरस से भी दमकल की गाड़ियां मंगाई गईं। कुल दस दमकल गाड़ियां आग बुझाने में जुटी रहीं। दमकल कर्मियों ने लगातार पानी की बौछार कर आग को नियंत्रित करने का प्रयास किया। आग की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। जिलाधिकारी प्रणय सिंह और पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद दमकल कर्मियों और पुलिसकर्मियों से घटना की जानकारी लेते हुए राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया। अधिकारियों ने आग पर जल्द से जल्द पूरी तरह काबू पाने के निर्देश दिए। प्रारंभिक जानकारी में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। हालांकि, आग के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। आग से मार्ट के अंदर कितना नुकसान हुआ है, इसका आकलन भी जांच के बाद सामने आएगा। प्रासन की ओर से घटना के कारणों और नुकसान की जांच कराई जाएगी।

### विहिप और बजरंग दल ने निकाली गणेश चतुर्थी की भव्य शोभायात्रा

टीएनएफ टुडे, सहावर (कासगंज)। गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में क्षेत्र में भव्य एवं आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। गणपति बप्पा के जयकारों से पूरा वातावरण धर्ममय हो गया।

शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम सहावर हर्षिता देवड़ा तथा क्षेत्राधिकारी सहावर दुर्गेश मिश्र ने भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा का विधि-विधान से पूजन व आरती उतारकर किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में इंस्पेक्टर सहावर राधे श्याम उपस्थित रहे।

भव्य झांकियां और शांतिपूर्ण आयोजन शोभायात्रा में भगवान गणेश तथा अन्य देवी-देवताओं की एक से बढ़कर एक सुंदर एवं मनमोहक झांकियां शामिल रहीं, जिन्हें देखने के लिए सड़कों के दोनों ओर लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। यह संपूर्ण भव्य मेला एवं शोभायात्रा दूरसंचार मंत्रालय सदस्य (भारत सरकार) व जिला सह संयोजक (बजरंग दल) राज दिवाकर तथा प्रखंड उपाध्यक्ष (विहिप) राहुल आर्य की अध्यक्षता में पूर्णतः शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

# 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान



टीएनएफ टुडे, कासगंज।

भाजपा अमांपुर मंडल की बुधवार को हुई कार्यशाला में सेवा? संकल्प अभियान के संबंध में कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें होने वाले कार्यक्रमों पर मंथन हुआ। कार्यशाला क्षेत्रीय विधायक हरिओम वर्मा के कार्यालय पर मंडल अध्यक्ष चित्तर सिंह की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री संजय सोलंकी ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता पूर्ण समर्पण भाव से समाज में कार्य करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा? संकल्प अभियान का शुभारंभ होगा जो गांधी जयंती तक चलेगा। भाजपा जिला महामंत्री संजय सोलंकी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी? के जन्म दिवस? के अवसर पर प्रत्येक बूथ पर दीप प्रज्जवलित एवं शुभकामना कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष दरवेश फौजी ने कहा की 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम आयोजित होगा। मंडल अध्यक्ष चित्तर सिंह ने सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्यकताओं का आह्वान किया। इससे पहले कार्यशाला का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान सह संयोजक दरवेश फौजी,? खेतपाल सिंह, रीना देवी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजपाल सिंह, महीपाल फौजी, रुद्र प्रताप सिंह, अखिलेश गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विक्रम राजपूत, हिदेश सर्राफ, उमेश सोलंकी, पुण्य प्रताप सिंह, एदल सिंह, मुन्नालाल जाटव, भाजपा मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता, संजय वर्मा, सोनू गुप्ता, विवेक वर्मा, मुनेंद्र राजपूत, सरनाम सिंह, राजवीर सिंह, खुशीराम, गोपाल गुप्ता आदि भाजपाई मौजूद रहे।



## रूद्रप्रताप तीसरी बार बने रामलीला कमेटी अध्यक्ष

**अमांपुर।** कस्बा में आदर्श श्रीराम लीला महोत्सव मंचन के लिए तैयारिया शुरू हो गई है। कालेज रोड स्थित बांके बिहारी गेस्ट हाउस में हरिदत्त पालीवाल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें आदर्श श्रीराम लीला महोत्सव मंचन की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से रूद्रप्रताप सिंह को तीसरी बार रामलीला कमेटी अध्यक्ष चुना गया। कमेटी अध्यक्ष रूद्रप्रताप सिंह ने कहा कि वरिष्ठजनों से परामर्श के बाद जल्द नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की जायेगी। अध्यक्ष रूद्रप्रताप सिंह ने बताया कि कस्बा में आदर्श श्रीराम लीला का मंचन भव्यता के साथ होगा। नवनियुक्त रामलीला कमेटी अध्यक्ष रूद्रप्रताप सिंह का फूलमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर रामलाल साहू, दरवेश फौजी, रिकू अग्रवाल, राम सिंह शाक्य, शीलेन्द सोलंकी, आचार्य वीरी सिंह, पुष्पेंद्र वर्मा, मुनेश शर्मा, शिव कुमार सोलंकी, संतोष पालीवाल, सचिन सोलंकी, दिलीप सिंह, हिदेश सर्राफ, मनोज गुप्ता, विष्णु गोयल, बन्टी गुप्ता, संजीव माहेश्वरी, आकाश गुप्ता सर्राफ, पुष्पेंद्र आरएसएस, कमल सिंह, दिव्यांशु, मोहित, गौरी शंकर, दीपक गुप्ता, आदित्य गुप्ता, ब्रजमोहन, सोनू गुप्ता, रिषभ सोलंकी, अवनाश गोयल, आदित्य सोलंकी, विशाल मित्तल, गौरव पालीवाल, सोनू गुप्ता, अंकित गुप्ता, करन गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## खेत में घायल मिला 30 वर्षीय युवक, अस्पताल में मौत

**टीएनएफ टुडे,कासगंज।** सोरों कोतवाली क्षेत्र में बुधवार सुबह कासगंज-सोरों मार्ग पर रतन दुलारे हॉस्पिटल के समीप खेत में एक 30 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक की पहचान मुकेश पुत्र विजय यादव, निवासी गांव पैसोई, थाना सोरों के रूप में हुई है। बताया गया कि बुधवार सुबह सोरों पुलिस को सूचना मिली कि रतन दुलारे हॉस्पिटल के पास खेत में एक युवक गंभीर हालत में पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल मुकेश को जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह भी मौके पर पहुंचे। एसपी ने अस्पताल पहुंचकर भी मामले की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह के अनुसार, मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस के मुताबिक, उपचार के दौरान मुकेश ने बताया था कि उसके साथ मारपीट की गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और मृतक के परिजनों से भी जानकारी ली गई है। पुलिस का कहना है कि घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## हिंदी की गरिमा और संवेदनाओं से सजी कविताएं, न्यायालय में हुआ काव्य सम्मेलन

**फिरोजाबाद।** हिंदी दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 14 सितंबर को जनपद न्यायालय परिसर में काव्य-सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रति सम्मान और उसके प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना रहा। जनपद न्यायाधीश डॉ. बब्बू सारंग और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेश शिवा समेत न्यायिक अधिकारी और कर्मचारी कार्यक्रम में मौजूद रहे।



काव्य सम्मेलन में स्वदेशी समाज सेवा समिति के संस्थापक सचिव विवेक यादव, संरक्षक सदस्य शुभ कान्त यादव, सतीश समर्थ, हितेन्द्र मित्र, यशपाल यश और देवीसिंह कुशवाह ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। कवियों की रचनाओं में हिंदी भाषा की गरिमा, साहित्य की समृद्धि और मानवीय संवेदनाओं की प्रभावी झलक देखने को मिली। प्रस्तुतियों पर न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक तालियां बजाईं।

इस अवसर पर हिंदी को संस्कृति, भावनाओं और सामाजिक एकता की सशक्त अभिव्यक्ति बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि हिंदी का सम्मान करने के साथ दैनिक जीवन में इसके अधिकाधिक प्रयोग की जरूरत है। कवियों और न्यायिक अधिकारियों-कर्मचारियों की सहभागिता से कार्यक्रम गरिमापूर्ण रहा। अंत में सभी कवियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया गया।

# सहावर में विहिप और बजरंग दल द्वारा निकाली गई गणेश चतुर्थी की भव्य शोभायात्रा, शांतिपूर्ण एवं हर्षोल्लास से संपन्न

टीएनएफ टुडे, सहावर (कासगंज)।


गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में क्षेत्र में भव्य एवं आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। गणपति बप्पा के जयकारों से पूरा वातावरण धर्ममय हो गया।

**मुख्य अतिथियों ने आरती कर किया शुभारंभ**

शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम सहावर हर्षिता देवड़ा तथा क्षेत्राधिकारी (उड) सहावर दुर्गेश मिश्र ने भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा का विधि-विधान से पूजन व आरती उतारकर किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में इंस्पेक्टर सहावर राधे श्याम उपस्थित रहे।

**भव्य झांकियां और शांतिपूर्ण आयोजन**

शोभायात्रा में भगवान गणेश तथा अन्य देवी-देवताओं की एक से बढ़कर एक सुंदर एवं मनमोहक झांकियां शामिल रहीं, जिन्हें देखने के लिए सड़कों के दोनों ओर लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। यह



संपूर्ण भव्य मेला एवं शोभायात्रा दूरसंचार मंत्रालय सदस्य (भारत सरकार) व जिला सह संयोजक (बजरंग दल) राज दिवाकर तथा प्रखंड उपाध्यक्ष (विहिप) राहुल आर्य की अध्यक्षता में पूर्णतः शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

**इन गणमान्य पदाधिकारियों व कार्यकताओं की रही उपस्थिति**

इस धार्मिक एवं भव्य आयोजन में:

संगठन पदाधिकारीः जिला गोरक्षा प्रमुख सत्यम माथुर, प्रखंड संयोजक राघव भारद्वाज, नगर संयोजक प्रिंस श्रीवास्तव, नगर सह संयोजक अर्जुन, गंज प्रखंड संयोजक अनुज, सह संयोजक राज प्रखंड कश्यप, प्रखंड सह संयोजक ममतेश व सुशांत, करन माथुर।

राजनीतिक एवं सामाजिक प्रतिनिधिः बीजेपी मंडल उपाध्यक्ष मोनू पांडेय, शिव मंडल कमेटी अध्यक्ष आकाश गुप्ता, गणेश मंडल कमेटी से रागनी जी, सालू जी, रजत गोला, विष्णु मौर्या, रामकिशोर, विशान्त साहू, अमित साहू, कमल साहू।

# कासगंज में पोषण माह का आगाज

## डीएम प्रणय सिंह ने हरी झंडी दिखाकर पोषण रथ को किया रवाना




टीएनएफ टुडे, कासगंज।

जनपद को कुपोषण मुक्त बनाने और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश देने के लिए पोषण माह 2026 के तहत जन-जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई है। बुधवार को जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर से 'पोषण रथ' को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न क्षेत्रों के लिए रवाना किया। यह रथ गांव-गांव और कस्बों में भ्रमण कर लोगों को संतुलित आहार और स्वच्छता के प्रति जागरूक करेगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि एक स्वस्थ और मजबूत समाज की नीव बेहतर पोषण पर टिकी होती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों, किशोरियों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाए और शासन की पोषण योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय सिंह और बाल विकास परियोजना अधिकारी राजीव कुमार समेत विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# गंजडुंडवारा थाने का औचक निरीक्षण, अभिलेखों की जांच कर दुरुस्त रखने के निर्देश

टीएनएफ टुडे, गंजडुंडवारा।

- औचक निरीक्षण में खुली थाने की व्यवस्थाओं की पड़ताल, विवेचनाओं के निस्तारण पर सख्ती
- एएसपी ने गंजडुंडवारा थाने को खंगाला, अभिलेख दुरुस्त रखने और पैदल गश्त के दिए निर्देश

अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज ने मंगलवार देर शाम क्षेत्राधिकारी पटियाली के साथ थाना गंजडुंडवारा का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाने के विभिन्न अभिलेखों और व्यवस्थाओं की जांच की गई। अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को अभिलेखों को अद्यावधिक रखने और उनके रख-रखाव में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए।

अपर पुलिस अधीक्षक ने सबसे पहले आगंतुक रजिस्टर और मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। इसके बाद थाना कार्यालय में मालखाना रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, एचएस रजिस्टर और आईजीआरएस रजिस्टर समेत अन्य अभिलेखों की स्थिति देखी। उन्होंने सभी अभिलेखों को समय से अद्यावधिक रखने तथा थाने की अभिलेखीय व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

विवेचकों के साथ बैठक, लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर जोर

निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना के समस्त विवेचकों के साथ गोष्ठी की। उन्होंने लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए मामलों का समयबद्ध और त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विवेचकों से कहा गया कि विवेचनाओं में अनावश्यक देरी न हो और नियमानुसार कार्रवाई पूरी की जाए।

कानून-व्यवस्था मजबूत करने को सड़कों पर निकली पुलिस

थाने के निरीक्षण के बाद अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना क्षेत्र में पैदल गश्त की। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने क्षेत्र में भ्रमण कर शांति एवं कानून-व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करने पर जोर दिया।

# 36 घंटे में गाजियाबाद से बरामद हुए कासगंज से लापता दो बच्चे

- 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत पुलिस को मिली सफलता
- घूमने की चाह में बिना बताए निकले थे बालक
- मासूमों के वापस लौटने पर परिजनों के आंसुओं की जगह चेहरे पर लौटी मुस्कान, पुलिस की हुई सराहना

टीएनएफ टुडे, कासगंज।

'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत थाना कोतवाली कासगंज पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए घर से बिना बताए निकले दो मासूम बच्चों को 36 घंटे के भीतर गाजियाबाद रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर लिया है। बच्चों के सुरक्षित वापस मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस का आभार व्यक्त किया।

पुलिस के अनुसार, गत 14 सितंबर को कासगंज कोतवाली क्षेत्र के निवासी दो बालक (उम्र लगभग 12 वर्ष) परिजनों को सूचित किए बिना घर से कहीं चले गए थे। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस अधीक्षक ओ.पी. सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशीला कुमार के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी नगर आंचल चौहान के नेतृत्व में बच्चों की त्वरित तलाश के लिए 3 विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया था।

**गाजियाबाद रेलवे स्टेशन से बरामदगी**

पुलिस की टीमों ने सुरागरसी और अथक प्रयास करते हुए 16 सितंबर 2026 को सुबह करीब 10:00 बजे दोनों बच्चों को गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 03 से सकुशल ढूंढ निकाला। पूछताछ में पता चला कि दोनों बच्चे केवल घूमने के उद्देश्य से घर से निकल आए थे। राहत की बात यह रही कि इस दौरान उनके साथ कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हुई।

**बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर सौंपे बच्चे**

प्रकरण में नियमानुसार बाल कल्याण समिति और चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचित करते हुए आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद दोनों बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस की इस त्वरित कार्यवाही और संवेदनशीलता पर परिजनों व स्थानीय नागरिकों ने कासगंज पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

# अरांव में बिजली लाइन से चोरी का माल बरामद, दो गिरफ्तार

**सिरसागंज।** थाना अरांव पुलिस ने बिजली लाइन से लोहे के एंगल और क्लैम्प चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के दो क्रॉस बेस एंगल, पांच लोहे के यू-क्लैम्प, घटना में प्रयुक्त प्लास व स्क्रू रिंच तथा एक बाइक बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, 14 सितंबर को अवर अभियंता विद्युत उपकेंद्र अरांव ने तहरीर देकर बताया था कि किसान सेवा पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे 11 केवी लाइन के डबल पोल से दो क्रॉस बेस एंगल और पांच क्लैम्प चोरी कर लिए गए हैं। मामले में थाना अरांव में मुकदमा दर्ज किया गया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अरांव-सिरसागंज रोड स्थित इंडियन पेट्रोल पंप के पास से सुनील कुमार और मुकेश कुमार निवासी सैपुरी, थाना शिकोहाबाद को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक ऋषि कुमार, उपनिरीक्षक राजेश कुमार, उपनिरीक्षक रमेश चंद्र, मुख्य आरक्षी आकाश कुमार और आरक्षी सचिन कुमार शामिल रहे।

# सहावर निकाय उपचुनाव 13 अक्टूबर को, वार्ड-04 में चुनावी बिगुल बजा, अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

टीएनएफ टुडे, कासगंज।

नगर पंचायत सहावर के वार्ड संख्या-04 (गड़रियन नई बस्ती) में रिक्त सदस्य पद पर उपचुनाव कराने की प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित इस सीट पर निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी प्रणय सिंह ने रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की तैनाती के आदेश जारी कर दिए हैं।

जारी आदेश के तहत प्रा.ख.लो.नि.वि. के सहायक अभियंता विवेक पाल को रिटर्निंग ऑफिसर तथा ग्रामीण अभियंत्रण सेवा के अवर अभियंता प्रमोद कुमार को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। इसके अलावा आपात स्थिति के लिए बीडीओ सहावर चरण सिंह को आरक्षित फ्ध और लघु सिंचाई के अवर अभियंता हरिपाल सिंह को आरक्षित अफ्ध बनाया गया है।

13 अक्टूबर को वोटिंग, 15 को नतीजे

निर्वाचन प्रक्रिया 18 सितंबर को सार्वजनिक नोटिस जारी होने के साथ शुरू होगी।

**निर्वाचन कार्यक्रम**

नामांकन पत्र बिक्री व जमाः 18 सितंबर से 24 सितंबर (पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 3:00 बजे तक)

नामांकन पत्रों की जांचः 25 सितंबर (पूर्वाह्न 11:00 बजे से कार्य समाप्ति तक)

नाम वापसीः 28 सितंबर (पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 3:00 बजे तक)

चुनाव चिह्न आवंटनः 29 सितंबर (पूर्वाह्न 11:00 बजे से)

मतदान की तारीखः 13 अक्टूबर (प्रातः 7:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक)

मतगणना व परिणामः 15 अक्टूबर (प्रातः 8:00 बजे से कार्य समाप्ति तक)